उज्जैन
मंगलवार
21
जुलाई, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-258
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ 313 ओरिजनल मार्कशीट के साथ कंसलटेंसी संचालक अरेस्ट
7 ▸ शतरंज खिलाड़ी जुडित पोलगार बन सकती हैं हंगरी की राष्ट्रपति

## सीएम विजय पर विवादित बयान देने वाले डीएमके विधायक को पुलिस ने किया अरेस्ट

**चेन्नई।** सोमवार को तमिलनाडु पुलिस ने डीएमके विधायक जीआर मार्कंडेयन को गिरफ्तार किया। विधायक ने मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के खिलाफ अपमानजनक और धमकी भरी टिप्पणी की थी। इस गिरफ्तारी के बाद, डीएमके समर्थकों ने पुलिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी की। फिलहाल विधायक से तूतीकोरिन एसपी ऑफिस में पूछताछ की जा रही है। पूरा विवाद 18 जुलाई को जनसभा में दिए गए भाषण से शुरू हुआ। दरअसल यहां मार्कंडेयन ने सीएम की 'पिता की तलाश' वाली टिप्पणी का जवाब दिया था। मुख्यमंत्री की इस टिप्पणी को कोलाथुर निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव हारने के बाद डीएमके अध्यक्ष एम.के. स्टालिन की आलोचना के तौर पर देखा गया था।

## पासपोर्ट-वीजा टेंडर पर केंद्र को सुप्रीम कोर्ट से झटका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें दिल्ली हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी गई थी जिसने अबू धाबी, कुवैत, सिंगापुर और कैनबरा स्थित भारतीय मिशनों में कॉन्सुलर, पासपोर्ट और वीजा सेवाओं की आउटसोर्सिंग के लिए जारी टेंडर प्रक्रिया रद्द कर दी थी। हालांकि, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहन की बेंच ने विदेश मंत्रालय और इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड को अंतरिम व्यवस्था करने की अनुमति दी, ताकि नई टेंडर प्रक्रिया पूरी होने तक सेवाएं बिना किसी रुकावट के जारी रह सकें।

## चीन में डिलीवरी बॉय को सबसे बड़ा साहित्यिक सम्मान मिला

**वुहान।** चीन में फूड डिलीवरी का काम करने वाले 56 वर्षीय वांग जिबिंग को देश के सबसे प्रतिष्ठित साहित्यिक सम्मानों में से एक लू शुन साहित्य पुरस्कार मिला है। उनकी कविता संग्रह 'लो फ्लाइट' को यह सम्मान दिया गया है। इस किताब की कई कविताएं उन्होंने फूड डिलीवरी के बीच मिले खाली समय में कागज के छोटे-छोटे टुकड़ों पर लिखी थीं। वांग 2019 के आसपास फूड डिलीवरी राइडर बने थे। उनकी कविताएं सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय हुए। उनकी नई किताब 'लो फ्लाइट' डिलीवरी राइडर्स की रोजमर्रा की परेशानियों, संघर्ष और जीवन पर आधारित है। यह किताब उन्होंने 2024 में प्रकाशित की थी। इसके लिए उन्होंने करीब 200 डिलीवरी राइडर्स से बातचीत की और उनके अनुभवों को अपनी कविताओं में दर्ज किया।

## यूक्रेन में शिप पर हमला, 4 भारतीयों की मौत

**कीव।** यूक्रेन के ओडेसा पोर्ट से रवाना हुए कार्गो जहाज एमवी गोल्डन लियो पर रविवार को हुए हमले में चार भारतीय नागरिकों की मौत हो गई। एक भारतीय गंभीर रूप से घायल है और अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। भारत सरकार ने सोमवार को इसकी पुष्टि करते हुए हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि कारोबारी जहाजों और निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाना पूरी तरह गलत है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारतीय दूतावास लगातार यूक्रेनी अधिकारियों के संपर्क में है और प्रभावित लोगों की हरसंभव मदद की जा रही है। उधर, यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक गोल्डन लियो जहाज ओडेसा से मक्का लेकर रवाना हुआ था। पोर्ट से निकलने के कुछ देर बाद उस पर तीन रूसी क्रूज मिसाइलों से हमला किया गया।

## अमेरिका ने लगातार 10वीं रात ईरान पर बमबारी की

**तेल अवीव।** अमेरिका ने मंगलवार को लगातार 10वीं रात ईरान के दक्षिणी हिस्सों में हवाई हमले किए। ईरानी मीडिया के मुताबिक, सीरिक, बंदर अब्बास, केश्म द्वीप, चाबहार और कोनारक समेत कई इलाकों में विस्फोट हुए। दूसरी ओर, ईरानी सेना ने दावा किया कि उसने हाल के घंटों में कुवैत के कैंप अरिफजान में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर तैनात हिमार्स मिसाइल सिस्टम को निशाना बनाया। हालांकि, इस दावे की पुष्टि नहीं हुई है। उधर, यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब के खिलाफ समुद्री नाकेबंदी का ऐलान किया है। हूतियों ने कहा कि बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट को सऊदी जहाजों के लिए बंद किया जाएगा और उनके सारे जहाज हमारे निशाने पर रहेंगे।

## जबलपुर जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव भारी हंगामा प्रदर्शन के बीच रद्द

**जबलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव सोमवार को भारी हंगामे और अव्यवस्था के चलते अंततः रद्द कर दिए गए. सुबह से ही निर्वाचन स्थल पर वकीलों का जोरदार प्रदर्शन शुरू हो गया था जिससे वहां अफरातफरी का माहौल बन गया। चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने के लिए जो इंतजाम किए गए थे वे नाकाफी साबित हुए। प्रदर्शनकारियों और आयोजकों के बीच खींचतान इतनी बढ़ गई कि स्थिति को संभालना मुश्किल हो गया। सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की पोल खुलते देख चुनाव अधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से मतदान प्रक्रिया को स्थगित करने का बड़ा फैसला लिया।

### थैलेसेमिया से प्रभावित करीब 200 से अधिक बच्चों एवं रक्त जरूरतमंदों की सहायतार्थ

# 'दा साब' स्व. श्री गोवर्धनलाल जी मेहता की 111वीं जयंती पर 'रक्तांजलि'

## वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ और उज्जयिनी रक्त संचार समिति 26 जुलाई को करेगी स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दैनिक अवंतिका के पितृपुरूष परमश्रद्धेय पं.गोवर्धनलाल मेहता 'दा साब' की 111वीं जयंती 26 जुलाई रविवार पूर्वान्ह 11 बजे से कासमास माल, नानाखेड़ा उज्जैन में रक्तदान का आयोजन किया जा रहा है। वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ और उज्जयिनी रक्त संचार संस्था की सहभागिता के मेगा रक्तदान शिविर में 'दा साब' को रक्तांजलि दी जाएगी। इस स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजन से उज्जैन में थैलेसिमिया से प्रभावित करीब 300 बच्चे लाभांवित होंगे और उनके परिजनों को सहायता मिल सकेगी।



मुख्य आयोजक वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ के वेस्टर्न रेलवे मंडल मंत्री अभिलाष नागर ने बताया कि 'दा साब' का मजदूर संघ के प्रारंभिक काल से गहरा नाता रहा। उन्होंने अपने जीवनकाल में सदैव समाजहित, जनसेवा और मानवीय मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनकी जयंती पर आयोजित यह रक्तदान शिविर उनके आदर्शों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ मानव सेवा का श्रेष्ठ माध्यम बनेगा। सहयोगी आयोजक उज्जयिनी रक्त संचार समिति इसमें अधिक से अधिक रक्तदान के लिए आमजन को प्रेरित करेगा।

**रक्तदान ही नहीं जीवनदान है-** आयोजकों ने कहा कि रक्तदान महादान है। आपके द्वारा किया गया एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान कर सकता है। रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर स्वैच्छिक रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने सभी नागरिकों से इस पुनीत अभियान में सहभागी बनकर मानव सेवा के इस महायज्ञ को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया।

### दान दाता कम लेने वाले ज्यादा

दोनों ही संस्था की और से बताया गया कि वर्तमान समय में दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों, ऑपरेशन, थैलेसीमिया तथा अन्य आपात परिस्थितियों में समय पर रक्त उपलब्ध नहीं होने से मरीजों और उनके परिजनों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसकी वजह है कि रक्तदान करने वाले कम हैं और उसे खरीदकर लेने वालों की संख्या अधिक है। ऐसे में इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और ब्लड बैंकों में पर्याप्त रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### प्रतिमाह बच्चों को 300 युनिट की जरूरत

उज्जैन जिला अस्पताल ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. संगीता गुप्ता के अनुसार प्रत्येक वर्ष के गर्मी के माह अप्रैल-मई में ब्लड बैंक में दान से मिले रक्त में कमी आ जाती है। उसकी वजह इन दो माह में रक्तदान कम होता है। इस कारण से आवश्यकता वाले लोगों को परेशानी होती है। खासकर उज्जैन के थैलेसिमिया से ग्रस्त करीब 200 से अधिक नन्हे-मुन्ने बच्चों को इस परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रति माह ऐसे बच्चों को ब्लड बैंक करीब 300 युनिट रक्त निःशुल्क उपलब्ध करवाता है। ब्लड बैंक की क्षमता 900 युनिट ब्लड रखने की है।

### दोनों संस्थाओं की रक्तदान की अपील

उज्जयिनी रक्त संचार समिति की ओर से सुनील गुप्ता, रूपेश बीडवान, अलका शर्मा एवं रितेश बोरिया तथा वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ की ओर से अभिलाष नागर, चैतन्य चौधरी, नरेंद्र सहगल, शेख जमील, अविनाश श्रीवास, अनिल देवड़ा, मुश्ताक खान एवं जी.आर. जरिया ने शहर के युवाओं, महिलाओं, सामाजिक संगठनों, व्यापारियों, कर्मचारियों एवं सभी जागरूक नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुँचकर स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की है।

# कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन फिर शुरू

## समर्थकों ने दोबारा मंच बनाया, अभिजीत दीपके बोले- आज भी संसद मार्च करेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी का फिर से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन शुरू हो गया है। सीजेपी का संसद मार्च के बाद दिल्ली पुलिस ने सोमवार शाम 5 बजे जंतर-मंतर खाली करा दिया था।

प्रदर्शनकारी और अभिजीत दीपके 6 घंटे बाद फिर लौट आए। सोमवार रात 11 बजे तक भारी तादाद में लोग जमा हो गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। दीपके ने बातचीत में कहा कि मंगलवार को भी संसद मार्च करेंगे। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा होने तक आंदोलन जारी रहेगा और जंतर-मंतर से नहीं हटेंगे। प्रदर्शनकारी धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे समेत तीन मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे हैं। सोमवार को दीपके समेत सीजेपी समर्थकों ने संसद तक मार्च किया था।





### 118 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हुए

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, उखढ के संसद मार्च के दौरान सोमवार को नई दिल्ली इलाके में हिंसा भड़क गई। इस घटना में कई अधिकारियों समेत 118 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हो गए, जबकि करीब 70 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। प्रदर्शन के एक दिन बाद संसद मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

### पुलिस ने 70 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया

संसद मार्च के दौरान पुलिस के साथ हुई झड़प में करीब 60 प्रदर्शनकारी घायल हुए हैं। पुलिस के मुताबिक उपद्रवियों के पथराव करने के कारण 15 से 20 सरकारी गाड़ियों और सार्वजनिक संपत्ति को भारी नुकसान हुआ। पुलिस ने स्थिति को संभालने के लिए लगभग 70 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया है।

### छात्रों से ज्यादा पहुंचे बाहरी चेहरे, जोमैटो बॉय से लेकर ट्रक ड्राइवर तक शामिल, जांच शुरू



- प्रदर्शन के दौरान सड़क पर उतरे लोगों में वास्तविक छात्रों से ज्यादा बाहरी चेहरे नजर आए, जिनमें जोमैटो के डिलीवरी बॉय से लेकर ट्रक ड्राइवर और दिहाड़ी मजदूर तक शामिल थे। अब केंद्र और दिल्ली सरकार ने इस संदिग्ध भीड़ की जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी और ड्रोन फुटेज खंगालकर यह पता लगाया जा रहा है कि क्या इन लोगों को किसी सोची-समझी साजिश के तहत दिल्ली बुलाया गया था।
- नीट-2026 को लेकर संसद मार्च के दौरान सोमवार को हुए बवाल के बाद केंद्र और दिल्ली सरकार ने भीड़ की भूमिका की जांच शुरू कर दी है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, जांच का सबसे बड़ा सवाल यह है कि प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल ऐसे लोगों का उद्देश्य क्या था, जिनका नीट परीक्षा से प्रत्यक्ष संबंध नहीं था। यह भी पता लगाया जाएगा कि क्या इन्हें किसी खास मकसद से दिल्ली बुलाया गया था और इनके पीछे कौन लोग थे?

# महापंचायत के लिए किसानों का दिल्ली कूच



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश बचाओ मोर्चा के आह्वान पर मंगलवार को पंजाब, हरियाणा और कई अन्य राज्यों के किसान महापंचायत के लिए दिल्ली कूच पर निकल पड़े हैं। दिल्ली के किसान घाट पर भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते को रद्द करवाने समेत किसानों की मांगो को लेकर विशाल महारैली का आयोजन किया जाएगा।

**शंभू बॉर्डर सील अलर्ट पर पुलिस**

पंजाब के किसान भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते के खिलाफ आज शंभू बॉर्डर से दिल्ली कूच कर रहे हैं। जिसे देखते हुए हरियाणा पुलिस ने शंभू बॉर्डर पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। शंभू बॉर्डर पर बैरिकेडिंग की गई है। पुलिस ने यात्रियों को सत्याग्रह मार्ग, वेलोड्रोम रोड और राजघाट डीटीसी डिपो रोड के आसपास के प्रभावित रास्तों से बचने की सलाह दी है। एयरपोर्ट या रेलवे स्टेशन जाने वाले यात्रियों को समय से पहले यात्रा की योजना बनाने का अनुरोध किया गया है।

शंभू बॉर्डर (पंजाब-हरियाणा बॉर्डर) पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

### सिक्किम की निर्माणाधीन टनल पर लैंडस्लाइड

## 8 मजदूरों की मौत, 20 अभी भी फंसे



ब्रह्मास्त्र ▸▸ गंगटोक

सिक्किम में सोमवार को एक टनल पर लैंडस्लाइड होने से उसका एंट्री गेट बंद हो गया, जिससे अंदर मौजूद 27 मजदूर फंस गए। इनमें से 7 मजदूरों की मौत हो गई। वहीं 20 मजदूर अभी भी फंसे हैं। नामची जिले के मामरिंग में स्थित समरदुंग सुरंग में निर्माण कार्य चल रहा था। जिला कलेक्टर अनुपा तामलिंग ने बताया कि सुरंग में फंसे मजदूरों की सही संख्या 27 से कम या ज्यादा भी हो सकती है।

सुरंग के अंदर गैस होने की वजह से राहत और बचाव कार्य में काफी मुश्किलें आ रही हैं। कई बचावकर्मियों को अंदर जाने के दौरान चक्कर आए और कुछ बेहोश भी हो गए, जिससे रेस्क्यू ऑपरेशन प्रभावित हुआ। जिला अधिकारी तमलिंग ने बताया कि दोपहर करीब 3:40 बजे प्रशासन को हादसे की खबर मिली, जिसके बाद एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, जिला पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंच गईं।

### संसद में सरकार ने कहा

## ई20 पेट्रोल से इंजन खराब नहीं

### 23 करोड़ गाड़ियां बिना परेशानी चल रहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश में 20% एथेनॉल मिला पेट्रोल यानी ई20 फ्यूल से गाड़ियों के इंजन खराब होने या उनके अचानक बंद होने की कोई पुख्ता रिपोर्ट नहीं है। सरकार ने आज यानी 20 जुलाई को राज्यसभा यानी संसद में एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने बताया कि देशभर में चल रहे 23 करोड़ से ज्यादा गाड़ियों के चलाने के अनुभवों और कई वैज्ञानिक अध्ययनों के आधार पर यह निष्कर्ष निकला है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि ई20 फ्यूल से इंजन को नुकसान पहुंचने का कोई प्रमाण नहीं मिला है।

राज्यसभा में मंत्री सुरेश गोपी ने कहा कि देश में 20 करोड़ से



ज्यादा टू-व्हीलर्स और 3 करोड़ से अधिक पेट्रोल कारें वर्तमान में एथेनॉल मिश्रित ईंधन यानी पर चल रही हैं। इनमें एक बड़ी संख्या उन पुराने वाहनों की भी है, जिन्हें ई20 सर्टिफिकेशन मिलने से पहले मैन्युफैक्चर किया गया था। इन सभी गाड़ियों के डेटा और सर्विस रिकॉर्ड देखने के बाद भी इथेनॉल ब्लेंडिंग के कारण इंजन फेल होने या किसी बड़े व्हीकल ब्रेकडाउन की कोई पुख्ता पुष्टि नहीं हुई है। सरकार ने सदन में बताया कि देश को ई20 फ्यूल की तरफ ले जाने का फैसला अचानक नहीं हुआ है। यह पूरी तरह से चरणबद्ध और वैज्ञानिक साक्ष्यों पर आधारित रहा है।

# मध्यप्रदेश-राजस्थान में मानसून फिर एक्टिव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही बारिश से हालात गंभीर बने हुए हैं। पिछले दो दिनों में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 23 हो गई है। पुंछ और राजौरी के बाढ़ प्रभावित इलाकों में सात लोग अब भी लापता हैं। लगातार बारिश के कारण राहत और बचाव अभियान प्रभावित हुआ। सोमवार को भारी बारिश के बाद असम के गुवाहाटी में लैंडस्लाइड हुई। इसके बाद नेशनल हाईवे-715 का एक हिस्सा पानी में डूब गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य के 12 जिलों में 1.70 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। एमपी के लगभग 90% हिस्से में अगले 4 दिन यानी 23 जुलाई तक हल्की बारिश का दौर बना रहेगा। राजस्थान में दो हफ्ते बाद मानसून एक बार फिर एक्टिव होने से जयपुर समेत 33 जिलों में बारिश का अलर्ट है। जम्मू-कश्मीर में लगातार बारिश और खराब मौसम के कारण बालटाल और पहलगाम दोनों मार्गों पर अमरनाथ यात्रा तीसरे दिन भी स्थगित रही।




### 25 जुलाई से चातुर्मास शुरू

# देवशयनी एकादशी से थमेगी शहनाइयों की गूंज

## 20 नवंबर तक विवाह और मांगलिक कार्यों पर विराम, देवउठनी एकादशी के बाद फिर शुरू होंगे शुभ कार्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सनातन परंपरा के अनुसार 25 जुलाई 2026 को देवशयनी एकादशी के साथ चातुर्मास का शुभारंभ होगा। धार्मिक मान्यता है कि इसी दिन भगवान विष्णु क्षीरसागर में योग निद्रा में चले जाते हैं। इसके साथ ही विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, उपनयन, नए भवन का उद्घाटन और अन्य मांगलिक कार्यों पर अस्थायी विराम लग जाएगा। चातुर्मास की यह अवधि 20 नवंबर 2026 को देवउठनी एकादशी तक रहेगी।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार चातुर्मास के दौरान भगवान विष्णु सृष्टि के पालन की जिम्मेदारी भगवान शिव को सौंपकर योग निद्रा में रहते हैं। इसी कारण इस अवधि में विवाह सहित अधिकांश मांगलिक कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त उपलब्ध नहीं होते। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस दौरान नए मकान की नींव रखना, गृह प्रवेश, विवाह, जनेऊ संस्कार, मुंडन और नए व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का शुभारंभ करने से परहेज किया जाता है। हालांकि पूजा-पाठ, व्रत, दान, जप, तप, स्वाध्याय और धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष महत्व माना गया है। धार्मिक विद्वानों के अनुसार चातुर्मास आत्मसंयम, साधना और आध्यात्मिक उन्नति का काल है। इस अवधि में भगवान विष्णु की आराधना, मंत्र जाप, होम, धर्मग्रंथों का अध्ययन और सात्विक जीवनशैली अपनाने से विशेष पुण्य प्राप्त होता है।



### 21 नवंबर से फिर गूंजेंगी शहनाइयां

चातुर्मास की समाप्ति 20 नवंबर को देवउठनी एकादशी के साथ होगी। इसके अगले दिन से विवाह और अन्य मांगलिक कार्यों का सिलसिला फिर शुरू हो जाएगा। पंचांग के अनुसार नवंबर में 21, 22, 23, 24, 28 और 29 नवंबर को विवाह के शुभ मुहूर्त उपलब्ध रहेंगे।

## खबर एक नजर...

### भाजपा नेता अशोक देवड़ा नगर निगम में एल्डरमैन मनोनीत

**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक देवड़ा को नगर निगम में एल्डरमैन (वरिष्ठ पार्षद) मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति पर भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों में हर्ष का माहौल है। अशोक देवड़ा का लंबे समय से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय योगदान रहा है। उन्होंने वर्ष 1983-84 में विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के रूप में अपनी सार्वजनिक यात्रा की शुरूआत की थी। इसके बाद वे जनता विद्यार्थी मोर्चा के संयोजक रहे। भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित विश्वनाथ व्यास के जिला अध्यक्ष कार्यकाल में उन्होंने जिला मीडिया प्रमुख की जिम्मेदारी निभाई। साथ ही वे भाजपा दौलतगंज मंडल अध्यक्ष और भाजपा उत्सव प्रकोष्ठ के नगर संयोजक भी रहे हैं। वर्ष 2005 के नगर निगम चुनाव में उन्होंने वार्ड क्रमांक 18 से भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव भी लड़ा था। एल्डरमैन के रूप में मनोनयन पर अशोक देवड़ा ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उज्जैन-आलोट लोकसभा सांसद अनिल फिरोजिया, उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा और भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल सहित नेताओं एवं पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### सरकारी स्कूलों के कमजोर बच्चों को निशुल्क बांटी जाएंगी 1000 कॉपियां

**उज्जैन।** शहर के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले कमजोर और मध्यवर्गीय बच्चों को श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, युवा मंडल और महिला मंडल की ओर से 1000 कॉपियां, पेंसिल और रबर का निशुल्क वितरण किया जाएगा। इंदौर से आए पूज्यपाद गोस्वामी 105 श्री बृजत्सोव महाराज ने राजपाल हवेली में इन कॉपियों का विमोचन किया। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि संस्था के संस्थापक विट्ठल नागर के नेतृत्व और मार्गदर्शन में यह वितरण कार्य किया जाएगा। अष्टाक्षर मंत्र परीक्षा के लिए ढाबा रोड स्थित श्रीनाथ कचहरी से भी वैष्णव कॉपियां प्राप्त की जा सकती हैं। वितरण कार्य में शैलेंद्र राठी, जयेश श्रॉफ, अमित नागर, राजेंद्र, पारूल शाह, हेतल शाह, नितिन नीमा, विशाल, नूपुर नीमा, अरुण पोरवाल, नितिन राठौड़, ज्योति सोनी, गुलशन नाटाणी, बंसरी नीमा, प्रमोद जेथलिया और आनंद पुरोहित का सहयोग रहेगा।

### उज्जैन की अर्चना सरमंडल 'हिंद गौरव सम्मान' से अलंकृत

**उज्जैन।** शहर की ज्योतिषाचार्य एवं बगलामुखी साधिका अर्चना सरमंडल को ज्योतिष और प्राच्य विद्या के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए 'हिंद गौरव सम्मान 2026' से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह प्रतिष्ठित अलंकरण उज्जैन में आयोजित 40वें अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष, वास्तु एवं आयुर्वेद महासम्मेलन में प्रदान किया गया। मां शारदा ज्योतिषधाम अनुसंधान संस्थान, इंदौर के तत्वावधान में 19 और 20 जुलाई को इस दो दिवसीय महासम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक पंडित दिनेश गुरुजी थे। इस गरिमामय आयोजन में देश-विदेश से लगभग 300 ज्योतिषी, टैरो कार्ड रीडर, वास्तु शास्त्री, तंत्र आचार्य और हस्तरेखा विशेषज्ञ शामिल हुए। महासम्मेलन के दौरान उपस्थित सभी विद्वानों ने ज्योतिष, वास्तु और हस्तरेखा विज्ञान के क्षेत्र में अपने-अपने विस्तृत शोध और अनुभवों को मंच से साझा किया। इस अवसर पर अर्चना सरमंडल को वैदिक ज्योतिष व वास्तु में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए आयोजकों द्वारा प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न भेंट कर 'हिंद गौरव अवॉर्ड' से नवाजा गया।

### मुख्यमंत्री की मौजूदगी में उज्जैन इवेंट एसोसिएशन का शुभारंभ

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री की उपस्थिति में सोमवार को 'उज्जैन इवेंट एसोसिएशन' का औपचारिक शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और मंत्री तुलसी सिलावट विशेष रूप से मौजूद रहे, साथ ही भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कपिल यार्दे भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इसमें रोहित पांडे को अध्यक्ष और निखिल शुक्ला को संरक्षक का दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा डेविड भारती को उपाध्यक्ष, सचिन गेहलोत को सचिव और साहित्य सेंगर को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, राशिद अली और ऋषभ जैन को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्षरोहित पांडे से की गई चर्चा में उन्होंने बताया कि इवेंट एसोसिएशन द्वारा उज्जैन शहर में कई विभिन्न प्रकार के नए प्रकल्प शुरू किए जाएंगे, जिसमें मुख्य रूप से आगामी सिंहस्थ को दृष्टिगत रखते हुए कई नए कार्य शुरू किए जाएंगे।

### एनएसयूआई के हिमांशु शुक्ल उज्जैन जिला अध्यक्ष नियुक्ति

**उज्जैन।** एनएसयूआई के शीर्ष नेतृत्व द्वारा जिले के वरिष्ठों सहमति की से हिमांशु शुक्ल को एनएसयूआई का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति के बाद संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है। एनएसयूआई कार्यकर्ता रोहित लश्करी ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन ने एक सक्रिय युवा को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है, जिससे संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा छात्रों के बीच संगठन का विस्तार होगा।

# कांग्रेस ने सत्तापक्ष को घेरने की बनाई रणनीति; मुआवजा और बदहाल सुविधाओं पर सरकार को घेरेगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन नगर निगम का मंगलवार को होने वाला सम्मेलन हंगामेदार रहने की संभावना है। बैठक से पहले कांग्रेस पार्षद दल ने नेता प्रतिपक्ष रवि राय की अध्यक्षता में रणनीति तैयार की है, जिसमें सत्तापक्ष को घेरने की पूरी तैयारी की गई है।

इस रणनीतिक बैठक में निगम सम्मेलन के 26 सूत्रीय एजेंडे पर विस्तार से चर्चा हुई। कांग्रेस ने निर्णय लिया है कि शहर के विकास कार्यों से जुड़े उन मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा, जिनका सीधा प्रभाव आम जनता पर पड़ता है। कांग्रेस का मुख्य मुद्दा सड़क चौड़ीकरण से



प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा दिलाना है। पार्टी का कहना है कि विकास कार्यों के कारण जिन लोगों की जमीन और मकान प्रभावित हुए हैं, उन्हें समय पर और न्यायसंगत मुआवजा मिलना चाहिए।इसके अतिरिक्त, शहर के सार्वजनिक शौचालयों और मूत्रालयों की बदहाल स्थिति, साफ-सफाई, रखरखाव और नागरिक सुविधाओं की कमी का मुद्दा भी सदन में उठाया जाएगा। कांग्रेस का आरोप है कि करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद कई सार्वजनिक शौचालय उपयोग योग्य नहीं हैं, जिससे आम लोगों को परेशानी हो रही है। बैठक में उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र गब्बर कुवाल, सचेतक नाजिया बी, सपना सांखला, अर्पित दुबे, छोटेलाल मंडलोई, इमरान खान, प्रेमलता रामी, शाहीन मुजीब, नजमा फिरोज पठान और अनवर नागौरी सहित कई अन्य पार्षद उपस्थित थे। अब सभी की निगाहें मंगलवार को होने वाले निगम सम्मेलन पर टिकी हैं।

### दिव्यांग विद्यार्थियों को बांटी खेल सामग्री और रोपे 162 पौधे

**उज्जैन।** लायंस क्लब उज्जैन अवंतिका ने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत शहर के शासकीय छात्रावास में दिव्यांग विद्यार्थियों को खेल सामग्री का वितरण किया। इसी अवसर पर समाजसेवी व पूर्व नगरपालिका सभापति प्रकाश चित्तौड़ा और उद्योगपति अशोक बाफना व उनके परिवार ने अपने माता-पिता की स्मृति में 162 पौधे दान किए। पौधारोपण कार्य में लायंस क्लब सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने सहयोग किया। खेल सामग्री का वितरण पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर आरजी पाठक और रीजन चेयरपर्सन दिनेश राठौर की उपस्थिति में किया गया। क्लब अध्यक्ष शशांक दुबे, सचिव पंकज भटनागर, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र परिहार, कार्यक्रम संयोजक डूंगर सिंह पंवार, निवर्तमान अध्यक्ष रवि श्रीमाली, रविंद्र खियानी और मुकेश बंसल ने विद्यार्थियों को खेल सामग्री प्रदान की। कार्यक्रम में वृक्ष मित्र अजय भातखंडे, 'पेड़ वाले बाबा' श्याम माहेश्वरी, शिक्षाविद् शैलेंद्र व्यास, स्वामी मुस्कुराके, कवि सुरेंद्र सर्किट और महेंद्र ज्ञानी सहित करीब 350 पर्यावरण प्रेमी मौजूद रहे।

# क्षत्रिय पराक्रम शौर्य यात्रा में चैतन्य भैरव नारी शक्ति झांझ मंडली ने दिखाया कौशल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा उज्जैन और बैस राजपूत समिति उज्जैन, पंवासा व मंगरोला द्वारा चक्रवर्ती सम्राट हर्षवर्धन सिंह बैस की जयंती के अवसर पर क्षत्रिय पराक्रम शौर्य यात्रा निकाली गई। सामाजिक न्याय परिसर से शुरू हुई इस शौर्य यात्रा में चैतन्य भैरव नारी शक्ति झांझ मंडली ने शानदार प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया और साथ ही एक बालिका ने लाठी चलाने का कौशल दिखाया।




उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए समाजसेविका कविता राय, वंदना जैन, रवि राय, अशोक और अनीता ने पूजा और उनकी पूरी टीम का हार पहनाकर सम्मान किया और आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राकेश तिवारी की मित्र मंडली और चैतन्य भैरव तेलीवाड़ा चौराहा भेरू महाराज का मंदिर की ओर से भी टीम का उत्साहवर्धन किया गया। चैतन्य भैरव नारी शक्ति झांझ मंडली उज्जैन के अलावा तराना, निमाड़ा, पेटलावद, कुंडलपुर, दिल्ली, मुंबई, भोपाल, शाहपुर, शुजालपुर, राजस्थान, रतलाम, इंदौर, देवास, बिलाड़ा, आलोट, जयपुर और नीमच जैसे शहरों में भी अपनी कला की मिसाल कायम कर चुकी है।

ओजस इंटरनेशनल स्कूल की प्रधान अध्यापिका पूजा शर्मा और प्राचार्य जितेन शर्मा ने बताया कि स्कूल के बच्चे सनातन धर्म के कार्यों के साथ-साथ पढ़ाई में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। इस वर्ष विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम शानदार रहे और उन्होंने 100, 99, 98, 97, 94, 93, 90, 89 और 88 अंक हासिल किए हैं। प्रधान अध्यापिका पूजा शर्मा और प्राचार्य जितेन शर्मा ने स्कूल की कोच पूजा को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आयोजन में अपनी कला का शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में लक्की, रिद्धिमा, याशिका, श्वेता, मंदाकिनी, किंजल, मानसी, आयुष, हिमानी, भूमि, हर्षिता, अक्षरा, विनय, कृतिका, वनिका और मोक्षिका शामिल रहे। सभी अतिथियों ने इन बच्चों के प्रयासों की सराहना की।

बच्चों और विशेषकर लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चैतन्य भैरव एक्सीलेंट डिफेंस मार्शल आर्ट एकेडमी और नारी शक्ति शारदा बाल भारती द्वारा लाठी, तलवार, कराटे, सेल्फ डिफेंस, ढोल और डमरू का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। यह एकेडमी महेश नगर में संचालित की जाती है। जिस किसी को भी यह कला सीखनी हो, वे संस्था के मोबाइल नंबर 7000453098 पर संपर्क कर सकते हैं।

# सम्राट विक्रमादित्य विवि में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एनजीएमएफटी-2026 आज से

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भविष्य की उन्नत तकनीक, नैनो टेक्नोलॉजी और स्मार्ट मैटेरियल्स पर मंथन के लिए सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में 21 जुलाई से पांच दिवसीय तृतीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सह संकाय विकास कार्यक्रम एनजीएमएफटी-2026 शुरू हो रहा है। इसका शुभारंभ भारत की प्रसिद्ध एयरोस्पेस वैज्ञानिक और पद्मश्री से सम्मानित डॉ. शुभा वी. अयंगर करेंगी। डॉ. अयंगर देश की पहली स्वदेशी 'दृष्टि' रनवे विजिबिलिटी एवं लैंडिंग गाइडेंस प्रणाली की प्रमुख आविष्कारक हैं।

विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ स्टडीज इन केमिस्ट्री एवं बायोकेमिस्ट्री, स्कूल ऑफ स्टडीज इन फिजिक्स और इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी द्वारा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर के सहयोग से यह आयोजन हो रहा है। इसका विषय 'भविष्य की तकनीक - उन्नत पदार्थ विज्ञान' है। 'इनोवेटिव मैटेरियल्स झ इन्स्पिरिंग फ्यूचर' के ध्येय वाक्य के साथ यह कार्यक्रम पीएम उषा और सक्षम अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन के तत्वावधान में हो रहा है। कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि देश-विदेश के विख्यात वैज्ञानिक, शिक्षाविद और युवा शोधार्थी एक मंच पर भविष्य की वैज्ञानिक चुनौतियों का समाधान खोजेंगे। कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने बताया कि यह सम्मेलन भविष्य की तकनीकों, नवाचार, उद्योगों और अकादमिक जगत के बीच सेतु निर्माण का अवसर है। इससे युवा शोधकताओं को विश्वस्तरीय वैज्ञानिकों के साथ सीधे संवाद की प्रेरणा मिलेगी। सम्मेलन की संयोजक प्रो. उमा शर्मा ने बताया कि इसमें ऑस्ट्रेलिया की न्यूकैसल यूनिवर्सिटी के प्रो. अजयन- विनु, एल्सेवियर इंडिया के डॉ. संदीप संचेती, चित्रा तिरुनाल इंस्टीट्यूट तिरुवनंतपुरम के डॉ. हरे कृष्ण वर्मा सहित कई राज्यों के वैज्ञानिक हिस्सा ले रहे हैं।

### राह भटकाने वाले कालनेमियों को पहचानें विद्यार्थी, नशे से रहें दूर

# माधव महाविद्यालय में छह दिवसीय नशा मुक्ति अभियान का हुआ समापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय में छह दिवसीय नशा मुक्ति अभियान 2.0 का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त संचालक सतीश सोलंकी ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में ऐसे कई साथी मिलते हैं जो नशे की लत लगा देते हैं। ऐसे लोग नशे का आदी बनाकर पैसे ऐंठते हैं और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करते हैं। जीवन को बर्बाद करने वाले राह भटकाने वाले ऐसे कालनेमियों से विद्यार्थियों को हमेशा दूर रहना चाहिए।

भैरवगढ़ थाना प्रभारी शैलेन्द्र राजावत ने विधिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज के विद्यार्थी कल के नागरिक हैं। युवाओं को नशे से बचाने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा 2026 से 2029 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सरकार कठोर दंडात्मक प्रावधानों के जरिए नशा करने के लिए प्रेरित करने वाले और नशीले पदार्थ बेचने वाले अपराधियों से निपटने का प्रयास कर रही है। नशा मुक्ति केंद्र के कुमार वैभव ने कहा कि नशा सीधे दिमाग पर असर करता है।




लोग खुशी के लिए इसका सेवन शुरू करते हैं और फिर इसके गुलाम बन जाते हैं। इससे शरीर और करियर दोनों बुरी तरह बर्बाद हो जाते हैं, इसलिए नशा न करने का संकल्प लेना चाहिए।

प्राचार्य कल्पना वीरेंद्र सिंह ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि नशामुक्ति की शुरूआत घर से होती है। तनाव का तर्क देकर नशा करना पूरी तरह गलत है। विद्यार्थियों को पढ़ाई और जीवन में आगे बढ़ने का नशा करना चाहिए, जो नकारात्मकता को दूर कर एक नई पहचान दिलाएगा। विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति संबंधी पोस्टर बनाकर और निबंध लिखकर जागरूकता का प्रभावशाली संदेश दिया। अभियान का समापन महाविद्यालय की एनसीसी, एनएसएस एवं क्रीड़ा इकाई के नेतृत्व में हुआ। यह आयोजन एनसीसी अधिकारी मोहन निमोले, एनएसएस अधिकारी रायसिंह सोलंकी, राधेश्याम भील, मोहनसिंग मुझाल्दा एवं क्रीड़ा अधिकारी नवीन कोरट के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन रीना अर्धव्यु ने किया और आभार रफीक नागौरी ने माना। इस अवसर पर प्राध्यापक अल्पना उपाध्याय, बीएस अखण्ड, संजीव शर्मा, दिनेश जोशी, महेंद्र शर्मा, नलिनी तिलकर, शैलजा साबले और छात्र ऋषभ कोरट सहित बड़ी संख्या में एनसीसी, एनएसएस और महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे।

# अष्टानिका महापर्व आज से, चंद्रप्रभु जिनालय में होगा सिद्ध चक्र मंडल विधान

### इंद्र-इंद्राणी बनकर समाजजन करेंगे पूजन, आठ दिनों तक होंगे विभिन्न धार्मिक आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जैन समाज का शाश्वत पर्व अष्टानिका महापर्व 21 से 28 जुलाई तक शहर के जिनालयों में मनाया जाएगा। पर्व के तहत नमकमंडी स्थित चंद्रप्रभु जिनालय में आदिनाथ महिला मंडल द्वारा आठ दिवसीय सिद्ध चक्र मंडल विधान का आयोजन किया जा रहा है।

महिला मंडल की अध्यक्ष ज्योति जिनेंद्र जैन और सचिव सरोज राजेंद्र जैन ने बताया कि ब्रह्मचारी मनोरमा और विधानाचार्य खुमानसिंह जैन के मार्गदर्शन में प्रतिदिन विधान की पूजन होगी। 21 जुलाई को सुबह 6.30 बजे अभिषेक और शांतिधारा होगी। सुबह 7.30 बजे आचार्य निमंत्रण, घट यात्रा, मंडप शुद्धि, इंद्र प्रतिष्ठा और मंगल कलश स्थापना के बाद भक्तांबर महिला मंडल द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके बाद विधान पूजन शुरू होगी, जिसमें समाजजन इंद्र-इंद्राणी बनकर पूजन करेंगे। आयोजन में सौधर्म इंद्र-इंद्राणी अभय कुमार और कुसुमलता शाह बनेंगे। प्रतिदिन रात को जिनेंद्र भक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इससे पहले 20 जुलाई को नेमीनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर समाजजनों ने जिनेंद्र पूजन कर निर्वाण लाडू चढ़ाए। कार्यक्रम के सह संयोजक महेंद्र चांदवाड़ और इंद्रा गंगवाल ने समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में आयोजनों में शामिल होने की अपील की है।

### क्लब विस्तार पर हुआ मंथन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-2 के रीजन-9 की रीजन ऑफिसर्स मीट का आयोजन होटल अंजूश्री में संपन्न हुआ। बैठक का उद्देश्य रीजन के सभी क्लब पदाधिकारियों को संगठनात्मक कार्यप्रणाली, सेवा गतिविधियों, क्लब विस्तार तथा आगामी सत्र की योजनाओं के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन लायन प्रवीण वशिष्ठ थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन संजय सक्सेना उपस्थित रहे। फैकल्टी के रूप में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर आर.जी. पाठक एवं डॉ. अजय गुप्ता ने प्रशिक्षण सत्र को संबोधित किया। बैठक की अध्यक्षता रीजन चेयरपर्सन लायन संजीव गडकरी ने की।

### दशनामी दत्त सेना की प्रदेश स्तरीय बैठक संपन्न

**बड़नगर।** दशनामी दत्त सेना संगठन की प्रदेश स्तरीय बैठक रविवार को में संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दत्त सेना के संरक्षक श्री 1008 स्वामी महामंडलेश्वर आनंद गिरि महाराज थे। संगठन के प्रमुख ईश्वर गिरी नागवाडी व देवपुरी गोस्वामी ने बताया कि शुरूवात श्री महामंडलेश्वर ने भगवान दत्तात्रेय की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर की ।

# पत्रकार सुरक्षा कानून लागू कराने के लिए होगा आंदोलन

### उज्जैन के पदाधिकारियों ने भी प्रांतीय महामंथन में शामिल होकर उठाई आवाज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पत्रकार सुरक्षा कानून लागू कराने और पत्रकार भवन के निर्माण की मांग को लेकर मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ने आर-पार की लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया है। कटनी में आयोजित संघ की 5वीं प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में सरकार पर दबाव बनाने के लिए तहसील से लेकर प्रदेश स्तर तक श्रृंखलाबद्ध आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में उज्जैन जिले के पदाधिकारियों ने भी प्रमुखता से भाग लिया।

उज्जैन जिला महासचिव डॉ. घनश्याम शर्मा ने कटनी से लौटकर बताया कि बैठक में पत्रकार सुरक्षा कानून के मसौदे पर विस्तृत चर्चा कर उपस्थित सदस्यों से सुझाव मांगे गए। सम्मेलन में उज्जैन से पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष एवं समन्वय समिति के सहसंयोजक राजेंद्र पुरोहित, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र राठौर, प्रदेश सचिव डॉ. नरेंद्र राजावत, संभागीय महामंत्री राजेंद्र अग्रवाल और जिला महासचिव डॉ. घनश्याम शर्मा ने संबोधित करते हुए अपनी अहम भूमिका निभाई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मांगों को लेकर अब कोरे आश्वासनों की बजाय धरातल पर आंदोलन किया जाएगा।

मुख्य अतिथि पद्मश्री बाबूलाल दाहिया ने कहा कि पत्रकार और साहित्यकार दोनों स्वाभिमानी सहोदर होते हैं। उन्होंने कटनी की उपेक्षित पटेरी बोली को मान्यता दिलाने की मांग भी रखी। कार्यक्रम में बड़वारा विधायक धीरेन्द्र प्रताप सिंह और कटनी विधायक संदीप जायसवाल ने ढीमरखेड़ा, बड़वारा और कटनी में पत्रकार भवन के लिए जमीन व धन की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया। महापौर प्रीति सूरी ने भी पत्रकारों से जुड़े विषयों पर अपनी बात रखी। मंच पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमित शुक्ला और जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा भी मौजूद रहे।

विधिक सलाहकार संदीप शर्मा ने चेतावनी दी कि श्रमजीवी के नाम से संगठन संचालित करने वाले कथित लोगों को जल्द ही नोटिस देकर हाईकोर्ट में अवमानना का प्रकरण पेश किया जाएगा। बैठक में प्रांतीय कोषाध्यक्ष शिशुपाल तोमर ने संगठन के आय-व्यय का हिसाब सदन के सामने रखा। वहीं, महासचिव सुनील त्रिपाठी का प्रतिवेदन उनकी अनुपस्थिति में प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीपसिंह भदौरिया ने प्रस्तुत किया। संगठन प्रभारी मोहम्मद अली ने पूर्व निर्णयों की पुष्टि करवाई।

इन पदाधिकारियों की रही मौजूदगी

आयोजन में शासन संगठन समन्वय समिति के संयोजक रिजवान अहमद सिद्दीकी, प्रदेश उपाध्यक्ष परसराम चौहान, राजकुमार दुबे, रामकिशोर अग्रवाल, प्रवीण मिश्रा, अमित द्विवेदी, महिला प्रकोष्ठ संयोजक अनीता चौबे, सहसंयोजक प्रगति श्रीवास्तव, शाजिया खान, अनिल त्रिपाठी और मेहंदी हसन सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। संचालन डॉ. पारस जैन और डॉ. रौशनी विलईया ने किया। कटनी जिलाध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र राजपूत के नेतृत्व में अतिथियों, पूर्व जिलाध्यक्षों और प्रदेशभर से आए अध्यक्ष-महासचिवों का सम्मान किया गया। आयोजन को सफल बनाने में महासचिव अज्जू सोनी, आशीष सोनी, डॉ. मनोज खरे, सजल जैन, अनंत गुप्ता, संतोष तोमर, नुनेश्वर पुरी, सूरज सुवेदी, अमित जैन, सुरेश उसरेटे, डॉ. ज्योति राजपूत, रश्मि, दीपिका खम्परिया और लालू कुशवाहा का विशेष सहयोग रहा।

# मीडिया साक्षरता की जरूरत बताती प्रदीप डहेरिया की पुस्तक का विमोचन

### कुलगुरु तिवारी सहित विशेषज्ञों ने एआई एफडीपी के दौरान किया लोकार्पण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता और संचार विश्वविद्यालय भोपाल के जनसंचार विभाग के वरिष्ठ शिक्षक प्रदीप डहेरिया की लिखी पुस्तक 'जनमाध्यम युवा और मीडिया साक्षरता' का विमोचन विश्वविद्यालय में चल रहे एआई एफडीपी के दौरान किया गया। इस अवसर पर मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रिसर्च क्षेत्र के विशेषज्ञों ने पुस्तक का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम में विशेष तौर पर पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी, आईआईआईटी भोपाल के निदेशक आशुतोष कुमार सिंह, मीडिया और सूचना प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ बालेंदु शर्मा दाधीच, कुलसचिव पी. शशिकला, जनसंचार विभागाध्यक्ष संजय द्विवेदी, विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभागाध्यक्ष पवित्र श्रीवास्तव और पुस्तकालय अध्यक्ष तथा सूचना विज्ञान विभाग की प्रोफेसर आरती सारंग उपस्थित थीं। सभी अतिथियों ने पुस्तक के प्रकाशन पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शोध कार्य के लिए बेहद उपयोगी बताया।

पिछले डेढ़ दशक से अधिक समय से मीडिया अध्ययन और अध्यापन में सक्रिय प्रदीप डहेरिया की यह पुस्तक जनसंचार माध्यमों और युवाओं पर विशेष रूप से केंद्रित है। लेखक ने अपनी इस पुस्तक में विस्तार से उदाहरणों के साथ बताया है कि समाज और आम जनमानस में मीडिया साक्षरता क्यों आवश्यक है।




## खबर एक नजर...

### भैरव घाट पर ट्रैवलर ने बाइक को रौंदा, दो लोगों की मौके पर मौत



**महू।** इंदौर-इच्छापुर मार्ग स्थित सिमरोल थाना क्षेत्र के भैरव घाट पर सोमवार को तेज रफ्तार टेंपो ट्रैवलर ने एक बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार दोनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर मारने के बाद टेंपो ट्रैवलर बेकाबू होकर सड़क किनारे बनी गहरी खाई में जा गिरा। दुर्घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और घटनास्थल के पास भारी भीड़ जुट गई। हादसे की सूचना मिलते ही सिमरोल थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। दुर्घटना के कारण इंदौर-इच्छापुर मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और कई किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। थाना प्रभारी कुलदीप खत्री के मुताबिक मृतकों की फिलहाल शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और क्रेन की मदद से खाई में गिरे वाहन को बाहर निकालकर यातायात बहाल कराया जा रहा है।

### महू के स्कूल में पहली के छात्र से दुर्व्यवहार

**महू।** महू के सिग्नल विहार स्थित डेफोडील स्कूल में सोमवार को कक्षा पहली के छात्र से कथित दुर्व्यवहार को लेकर एबीवीपी और हिंदू संगठनों ने भारी हंगामा किया। कार्यकताओं ने स्कूल परिसर में धरना देकर समन्वयक जैनब खान के इस्तीफे की मांग की। छात्र अर्नव की मां मीनू सेंधव ने आरोप लगाया कि समन्वयक जैनब खान उनके बेटे को मानसिक रूप से परेशान कर रही हैं। उन्होंने बताया कि 96 से 98 प्रतिशत अंक लाने वाले छात्र को हालिया टेस्ट में शून्य अंक दिए गए और बात करने पर अभद्रता की गई। प्रदर्शन के दौरान स्कूल प्रबंधन का पक्ष लेने पहुंचे जनपद अध्यक्ष सरदार मालवीय का कार्यकताओं ने विरोध किया। एबीवीपी कार्यकताओं ने राजनीतिक हस्तक्षेप का आरोप लगाते हुए सरदार मालवीय का हाथ पकड़कर उन्हें स्कूल परिसर से बाहर निकाल दिया। हंगामे के दौरान आरोपी समन्वयक स्कूल परिसर से बाहर चली गईं। मामले पर अब तक स्कूल प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं हुआ है, जबकि एबीवीपी ने न्याय न मिलने तक प्रदर्शन जारी रखने की बात कही है।

### नशे के खिलाफ इंदौर ने बनाया नया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**इंदौर।** इंदौर पुलिस कमिश्नरेट के 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के तहत सोमवार को शहर में 8,534 लोगों ने मानव श्रृंखला बनाकर नशे के खिलाफ नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। इस दौरान इंदौर पुलिस ने अपना ही पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। इससे पहले नशे के खिलाफ 7,100 लोगों की मानव श्रृंखला का वर्ल्ड रिकॉर्ड इंदौर पुलिस के नाम दर्ज था। कार्यक्रम में स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी, खिलाड़ी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, नगर सुरक्षा समिति के सदस्य, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। सभी ने एक साथ मानव श्रृंखला बनाकर नशामुक्त समाज का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने मौजूद लोगों को नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने की शपथ दिलाई। सभी ने नशामुक्त इंदौर और नशामुक्त भारत के निर्माण में सहयोग का संकल्प लिया।

### नाले किनारे मिला 35 साल के युवक का शव



**पीथमपुर।** पीथमपुर के सेक्टर-1 थाना क्षेत्र स्थित सांवरिया मंदिर चौराहे के पास सोमवार सुबह नाले के किनारे 35 साल के युवक का शव संदिग्ध अवस्था में मिला। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शुरूआती जांच में मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान सांवरिया मंदिर के पास स्थित झुग्गी बस्ती निवासी आत्माराम पिता दूधा राठौड़ (35) के रूप में हुई है। वह राजमिस्त्री का काम कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके परिवार में पत्नी और पांच बेटियां हैं। वह परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। सूचना मिलते ही नवागत नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) कमल सिंह चौहान पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। मामले की गहन जांच के लिए एफएसएल और साइबर टीम को भी बुलाया गया। सीएसपी कमल सिंह चौहान ने बताया कि शव की पहचान कर ली गई है। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

---

कोर्ट के आदेश पर कारोबारी को वापस मिले रुपए, वीडियो कॉल पर दिखाए थे 10 करोड़

# 10 करोड़ रुपये के लोन का झांसा देकर 1 करोड़ ठगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के एक बड़े कारोबारी से 10 करोड़ रुपए का लोन दिलाने का झांसा देकर 1 करोड़ रुपए की ठगी हो गई। अब इस मामले में जिला कोर्ट के आदेश पर पीड़ित को पूरी राशि वापस मिल गई है।

कोर्ट के निर्देश के बाद बैंक ने आरोपियों के खातों में फ्रीज किए गए 1 करोड़ रुपए कारोबारी के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। साइबर ठगी के मामले में इतनी बड़ी राशि की वापसी इंदौर जिला कोर्ट में अपने तरह का अहम मामला माना जा रहा है।

दरअसल, कारोबारी को अपने व्यवसाय के लिए 10 करोड़ रुपए के लोन की जरूरत थी। उसने कई बैंकों और वित्तीय संस्थानों में आवेदन किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसी दौरान चेन्नई की एक कंपनी के प्रतिनिधियों ने संपर्क कर 10 करोड़ रुपए का लोन दिलाने का दावा किया। आरोपियों ने जरूरी दस्तावेज मंगवाकर कारोबारी को चेन्नई बुलाया। वहां भरोसा जीतने के लिए 10 करोड़ रुपए का डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) दिखाया और लोन मंजूर होने का दावा करते हुए कई दस्तावेजों, चेक और स्टाम्प पेपर पर हस्ताक्षर करवा लिए।

**210 किलो नोटों का वजन बताकर किया गुमराह-** ठगों ने कारोबारी को झांसे में लेने के लिए नकदी का वजन तक समझाया। उन्होंने बताया कि 500 रुपए के नोटों में 1 करोड़ रुपए का बंडल करीब 21 किलो का होता है, इसलिए 10 करोड़ रुपए की नकदी का वजन लगभग 210 किलो है। इसी आधार पर उन्होंने दावा किया कि पूरी रकम उनके पास मौजूद है और अतिरिक्त 20 लाख रुपए मिलते ही नकद लोन दे दिया जाएगा।

**महिला समेत 10 लोगों का संगठित गिरोह-** प्रारंभिक जांच में सामने आया कि इस फजीर्वाड़े में 9 से 10 लोगों का गिरोह शामिल है। इनमें एक महिला, खुद को कंपनी का डायरेक्टर बताने वाला व्यक्ति और कई अन्य सदस्य शामिल हैं। कुछ आरोपी कारोबारी से चेन्नई में मिले, जबकि कुछ उसके ऑफिस और व्यवसाय से जुड़ी जानकारी जुटाने पहुंचे थे।

**साइबर सेल ने खाते फ्रीज कराए-** ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने अधिवक्ता रोहित जैन के माध्यम से क्राइम ब्रांच, साइबर सेल और पलासिया थाने में शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान साइबर सेल ने आरोपियों के बैंक खातों में मौजूद 1 करोड़ रुपए फ्रीज करा दिए। हालांकि रकम फ्रीज होने के बाद भी उसे वापस प्राप्त करने के लिए कारोबारी को जिला कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा।




#### प्रोसेसिंग फीस के नाम पर ऐंठ लिए 1 करोड़ रुपए

आरोपियों ने प्रोसेसिंग फीस, ब्याज, रजिस्ट्रेशन और अन्य बैंकिंग औपचारिकताओं का हवाला देकर करीब 1 करोड़ रुपए जमा करवा लिए। रकम मिलते ही डिमांड ड्राफ्ट वापस ले लिया गया और लोन जारी करने के नाम पर टालमटोल शुरू हो गई। लंबे समय तक रकम नहीं मिलने पर कारोबारी को ठगी का अहसास हुआ।

#### वीडियो कॉल पर दिखाए 10 करोड़ रुपए कैश, फिर मांगे 20 लाख

पीड़ित के अधिवक्ता रोहित जैन ने बताया कि ठगों ने भरोसा बढ़ाने के लिए एक और चाल चली। वे चेन्नई से इंदौर आए और वीडियो कॉल पर 10 करोड़ रुपए नकद होने का दावा किया। आरोपियों ने कहा कि यदि कारोबारी 20 लाख रुपए और दे दे, तो उसे पूरा लोन नकद दे दिया जाएगा। हालांकि इस बार कारोबारी को संदेह हो गया। उसे लगा कि पहले की तरह यह रकम भी डूब सकती है। उसने अतिरिक्त भुगतान करने से इनकार कर दिया, जिसके बाद आरोपी इंदौर से फरार हो गए।

---

सोनम की जमानत पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

# मेघालय सरकार ने सोनम को जमानत देने के हाईकोर्ट के आदेश को दी चुनौती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड की मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी को मिली जमानत के खिलाफ मेघालय सरकार की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। मामले की सुनवाई जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस श्री चंद्रशेखर की बेंच करेगी। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने मेघालय सरकार से गिरफ्तारी के समय सोनम को दिए गए 'ग्राउंड्स ऑफ अरेस्ट' (गिरफ्तारी के आधार) से जुड़े दस्तावेज पेश करने को कहा था।

दरअसल, ट्रायल कोर्ट ने सोनम को इस आधार पर जमानत दी थी कि गिरफ्तारी के समय कानून के अनुसार उसे गिरफ्तारी के आधार उपलब्ध नहीं कराए गए थे। बाद में मेघालय हाईकोर्ट ने भी इस आदेश को बरकरार रखा था। मेघालय सरकार का कहना है कि सोनम को गिरफ्तारी के आधार बताए गए थे। विवाद केवल दस्तावेज में हुई एक टाइपिंग की गलती का है। गिरफ्तारी मेमो में हत्या से जुड़ी भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 103(1) के स्थान पर गलती से 403(1) लिख दिया गया था, जबकि इठर में ऐसी कोई धारा नहीं है।



आज की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट इस बात पर विचार करेगा कि गिरफ्तारी के समय सोनम को कानून के अनुरूप आधार उपलब्ध कराए गए थे या नहीं। इसी आधार पर यह तय होगा कि हाईकोर्ट द्वारा दी गई जमानत का आदेश बरकरार रहेगा या उसमें हस्तक्षेप किया जाएगा। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने मेघालय सरकार की ओर से जमानत पर तत्काल रोक लगाने की मांग स्वीकार नहीं की थी। हालांकि, जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और जस्टिस शील नागू की बेंच ने मौखिक रूप से कहा था कि पहली नजर में हाईकोर्ट द्वारा मामले का निपटारा किए जाने के तरीके पर सवाल उठते हैं। कोर्ट ने यह भी कहा था कि प्रथम दृष्टया ऐसा नहीं लगता कि यह ऐसा मामला था, जिसमें गिरफ्तारी के आधार बिल्कुल नहीं बताए गए हों। इसके बावजूद अदालत ने अंतरिम रोक इसलिए नहीं लगाई थी, क्योंकि सोनम पहले ही जमानत पर रिहा हो चुकी थी, कुछ समय जेल में रह चुकी थी और उसने मेघालय सरकार की याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा था।

#### सॉलिसिटर जनरल ने कहा था- टाइपिंग की गलती से गलत धारा दर्ज हुई थी

इससे पहले सोनम मामले में सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि गिरफ्तारी दस्तावेजों में हत्या से जुड़ी इठर की धारा 103(1) की जगह गलती से 403(1) दर्ज हो गई थी। उन्होंने इसे केवल टाइपिंग (टाइपो) की त्रुटि बताया था। मेहता ने कहा था कि मजिस्ट्रेट ने गिरफ्तारी के आधार आरोपी को समझाए थे और ट्रांजिट रिमांड के दौरान भी इसका रिकॉर्ड मौजूद था। उन्होंने यह भी कहा था कि पहले मेरिट के आधार पर जमानत याचिका खारिज हो चुकी थी। बाद में इसी तकनीकी त्रुटि को आधार बनाकर राहत दी गई थी, जबकि सुप्रीम कोर्ट पहले ही स्पष्ट कर चुका था कि ऐसी लिपिकीय गलती, जिससे आरोपी को कोई वास्तविक नुकसान न हुआ हो, जमानत का आधार नहीं बन सकती थी।

---

# वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दोनों की मौत

### पीथमपुर में प्रताप स्टील चौराहे पर हादसा, लगा जाम



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

पीथमपुर में प्रताप स्टील चौराहे पर बुधवार दोपहर करीब तीन बजे अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। वाहन ने युवकों का सिर कुचल दिया। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

मृतकों की पहचान संतोष (42) पिता त्रिवेणी झा निवासी बेरुख बेनीपुर, बिहार और राधेश्याम निवासी बोरगांव बुजुर्ग, पंधाना, जिला खंडवा के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अनियंत्रित हुई मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवकों के चेहरे और सिर में गंभीर चोटें आईं। घटनास्थल पर खून फैल गया, जिससे चौराहे पर अफरा-तफरी मच गई। वाहनों की आवाजाही थम गई। हादसे के बाद ट्रैफिक जाम लग गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों के शव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पोस्टमार्टम रूम में रखवाया गया है। पुलिसकर्मियों ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को रास्ते से हटवाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया।

---

इंदौर में नौकरी के नाम पर छात्रों से ठगी

# 313 ओरिजनल मार्कशीट के साथ कंसलटेंसी संचालक अरेस्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में नौकरी दिलाने के नाम पर स्टूडेंट्स की ओरिजनल मार्कशीट रखने और वापस करने के एवज में 5 हजार रुपए की डिमांड करने वाले एक कंसलटेंसी के मालिक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसके पास से 313 स्टूडेंट्स की 10वीं-12वीं की मार्कशीट मिली।

कई स्टूडेंट्स ने पुलिस को इस बात की शिकायत की थी, जिसके बाद विजय नगर पुलिस हरकत में आई और मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि ऑर्बिट मॉल में मयंक सर्राफ का कंसलटेंस ऑफिस है।

वह अेत्रक्ष इंटरप्राइजेज नाम फर्म के माध्यम से इंदौर में पढ़ने आए स्टूडेंट्स को पार्ट टाइम, फूल टाइम नौकरी दिलाने का काम करता है, नौकरी पाने की इच्छुक स्टूडेंट्स द्वारा संपर्क करने पर उनकी ओरिजनल मार्कशीट अपने पास रख लेता और उन्हें टास्कअप, टेलीपरफॉर्मेंस, प्राइवेट बैंक आदि जगह पर नौकरी दिलाता और बदले में 5 हजार रुपए प्रतिव्यक्ति से लेता, जब तक वे 5 हजार रुपए जमा नहीं करते। तब तक उनकी मार्कशीट वापस नहीं करता। आरोपी मंयक स्टूडेंट्स पर लगातार 5 हजार रुपए देने का दबाव बनाने और प्रताड़ित करने लगा। 313 स्टूडेंट्स की 313 ओरिजनल मार्कशीट आरोपी ने अपने कब्जे में रखी थी। इधर, पुलिस आरोपी से पूछताछ कर और भी जानकारी निकाल रही है।

---

भागीरथपुरा दूषित पानी कांडः हाई कोर्ट में उठे नए सवाल

# टंकी में गोलियां डालने के आरोप की जांच की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

भागीरथपुरा दूषित पानी हादसे में 36 लोगों की मौत के मामले में सोमवार को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच में सुनवाई हुई। जस्टिस सुबोध अभ्यंकर और आलोक अवस्थी की डबल बेंच के समक्ष पेयजल गुणवत्ता और जल प्रदूषण से जुड़ी जनहित याचिका पर बहस हुई, जिसमें याचिकाकर्ता की ओर से नए तथ्यों को रिकॉर्ड पर लेने की मांग की गई।

याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट अजय बागडिया और सैली पुरंदरे ने दो अंतरिम आवेदन प्रस्तुत किए।



इनमें दावा किया गया कि भागीरथपुरा क्षेत्र को जलापूर्ति करने वाली ओवरहेड टंकी में कथित रूप से पोटेशियम क्लोराइड की गोलियां डाले जाने की जानकारी सामने आई है।

इस संबंध में पुलिस जांच के निर्देश देने का अनुरोध किया गया। साथ ही क्षेत्र के निवासियों के वीडियो रिकॉर्डिंग वाले पेन ड्राइव को भी साक्ष्य के रूप में रिकॉर्ड पर लेने की मांग की गई।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता पक्ष ने तर्क दिया कि उपलब्ध तथ्यों से संकेत मिलते हैं कि जल प्रदूषण का स्रोत मुख्य जलापूर्ति व्यवस्था नहीं, बल्कि अंतिम वितरण तंत्र हो सकता है। एडवोकेट बागडिया ने कहा कि प्रदूषण की घटना से पहले संबंधित ओवरहेड टंकी में संदिग्ध सामग्री डाले जाने की जानकारी मिली है, इसलिए वहां तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच आवश्यक है। इंदौर नगर निगम की ओर से एडवोकेट ऋषि तिवारी ने आवेदन का विरोध करते हुए कहा कि लगाए गए आरोप पर्याप्त साक्ष्यों से समर्थित नहीं हैं।

---

ताऊ की हत्या के बाद खुद ही मचाया शोर, खून से दीवार पर बनाए हाथों के निशान

# पैसों की जरूरत और पारिवारिक मनमुटाव के चलते भतीजे ने किया मर्डर, अरेस्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के राजनगर में नशे की लत, कर्ज चुकाने के लिए पैसों की जरूरत और पारिवारिक मनमुटाव के चलते एक भतीजे ने अपने ताऊ की चाकू मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद पुलिस को गुमराह करने के लिए उसने पड़ोसी की दीवार पर खून से सने हाथों के निशान बनाए और ऐसा दिखाने की कोशिश की कि आरोपी पड़ोसी के घर की ओर भागा है।

हालांकि, उसकी यह चालाकी ज्यादा देर तक नहीं चली। रविवार को हुई इस वारदात का पुलिस ने 48 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए 50 वर्षीय कमल कुमावत हत्याकांड में आरोपी भतीजे को गिरफ्तार कर लिया।

**पुलिस पूछताछ में टूटा, कबूल कर ली हत्या-** पुलिस ने जब मृतक कमल कुमावत के 19 वर्षीय भतीजे चेतन कुमावत, पिता पप्पू कुमावत, निवासी डी सेक्टर राजनगर से पूछताछ की तो वह घबरा गया। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने हत्या की बात कबूल कर ली। आरोपी ने बताया कि कुछ महीने पहले तक पूरा परिवार संयुक्त रूप से रहता था। उस समय ताऊ का व्यवहार अच्छा था, लेकिन बंटवारे के बाद दोनों के रिश्तों में खटास आ गई थी।



**सुबह सामान्य होने का किया नाटक-** वारदात के बाद आरोपी ने खून से सने कपड़े फेंक दिए, हाथ-पैर धोए और सो गया। सुबह वह रोज की तरह काम पर चला गया, लेकिन चोट लगने के कारण उसे वापस घर भेज दिया गया। घर लौटने के बाद वह ताऊ के कमरे में पहुंचा और जोर-जोर से चिल्लाकर परिजन व आसपास के लोगों को बुला लिया। इसके बाद लोगों की मदद से कमल कुमावत को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की, जिसके बाद पूरे हत्याकांड का खुलासा हो गया।

#### नशे की लत और पैसों के विवाद में की हत्या

- पूछताछ में चेतन ने बताया कि वह ब्राउन शुगर का आदी है। डीसीपी सुनील कुमार मेहता के अनुसार, आरोपी ने नशे और कर्ज चुकाने के लिए ताऊ से रुपए मांगे थे, लेकिन उन्होंने पैसे देने से इनकार कर दिया। इसी बात से नाराज होकर उसने रात होने का इंतजार किया। रात करीब 2:30 बजे वह रसोई से चाकू लाया और सो रहे ताऊ पर ताबड़तोड़ वार कर उनकी हत्या कर दी।
- हत्या के बाद उसने मृतक की पैंट की जेब से अलमारी की चाबी निकालकर नकदी तलाश की, लेकिन पैसे नहीं मिले। शक से बचने के लिए उसने जेवरात नहीं छुए। पुलिस को गुमराह करने के इरादे से उसने अपने खून से सने हाथ पड़ोसी की दीवार पर लगाए और ऐसा दिखाने की कोशिश की कि आरोपी पड़ोसी के घर की ओर भागा है।



## खबर एक नजर...

### 97 करोड़ रुपए का देवी लोक:पहली ही बारिश में छत टपकी, दीवारें दरकीं

**सलकनपुर।** महाकाल लोक की तर्ज पर प्रसिद्ध देवी धाम सलकनपुर में लगभग 97 करोड़ की लागत से आकार ले रहे देवी लोक की पहली ही बारिश ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और रखरखाव के दावों की हवा निकाल दी है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना में जगह-जगह बारिश का पानी रिसता दिखा, तो कई हिस्सों में हुए जलभराव ने निर्माण पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। इसके अलावा बदहाल पौधरोपण, अधूरे पड़े कार्य और परिसर की अव्यवस्था जिम्मेदार एजेंसियों की कार्यप्रणाली को कठघरे में खड़ा कर रही है। करीब ?90.35 करोड़ की लागत से हुए सिविल निर्माण के तहत बने 64 योगिनी मंदिर में पहली ही बारिश में पिलरों के किनारों से पानी टपकने लगा। वहीं, परिसर को हरा-भरा करने के लिए ट्री-गार्ड सहित 444 पौधे लगाए गए थे। आदिशक्ति पेडस्टल पर अब तक प्रतिमा स्थापित नहीं हो सकी है। निर्माण एजेंसी ने जुलाई के अंतिम सप्ताह तक प्रतिमा स्थापना का आश्वासन दिया था, लेकिन धरातल पर न तो काम शुरू हुआ और न ही कोई प्रगति दिख रही है। परियोजना के निर्माण के बाद 3 वर्ष तक रखरखाव का जिम्मा निर्माण एजेंसी का है। इसके बावजूद धर्मशाला, मार्केट और मेला ग्राउंड क्षेत्र में कीचड़, कचरा और बदहाली साफ नजर आ रही है।

### सिंधिया परिवार के समझौते में पड़ी दरार: समझौते पर सुनवाई अब 28 जुलाई को होगी

**ग्वालियर।** सिंधिया राजपरिवार की संपत्तियों से जुड़े वर्षों पुराने विवादों को समाप्त करने की प्रक्रिया के बीच नया मोड़ आ गया है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की बड़ी बुआ पद्मावती राजे की बेटी प्रतिमा देवी ने जिला न्यायालय में आवेदन देकर दावा किया है कि उन्हें उनका वैधानिक हिस्सा नहीं मिला है। उन्होंने अदालत से आग्रह किया है कि प्रस्तावित समझौते पर कोई निर्णय लेने से पहले उनकी आपत्तियों पर भी सुनवाई की जाए। मामले में अब 28 जुलाई को सुनवाई होगी। सिंधिया परिवार की संपत्तियों को लेकर अलग-अलग अदालतों में डेढ़ दर्जन से अधिक मुकदमे लंबित हैं। इन्हें समाप्त करने के लिए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, पूर्व मंत्री यशोधरा राजे समेत अन्य पक्षकारों ने अदालतों में आवेदन प्रस्तुत किए हैं। इसी बीच प्रतिमा देवी की ओर से दायर आवेदन ने पूरी प्रक्रिया पर नया कानूनी सवाल खड़ा कर दिया है।

आवेदन में कहा गया है कि उनके नाम से प्रस्तुत पावर ऑफ अटॉर्नी केवल 24 जून तक ही प्रभावी थी। इसके बावजूद बाद की प्रक्रिया में उसका उपयोग किया गया। यह भी आरोप लगाया गया है कि अदालत में पेश आवेदन में कुछ तथ्य भ्रामक हैं और फैमिली सेटलमेंट से जुड़ी पूरी जानकारी भी प्रस्तुत नहीं की गई। प्रतिमा देवी की ओर से उनके रिश्तेदार ने यह आवेदन जिला न्यायालय में दाखिल किया।

### सतना के विपिन हत्याकांड के बाद कुंवारे लड़कों में खौफ

**सतना।** शादी करने से पहले अब सौ बार सोचना पड़ेगा, क्योंकि शादी के बाद जिंदा रहने की कोई गारंटी नहीं है। सतना के रामपुर बघेलान क्षेत्र स्थित भगदेवरा गांव की चौपालों पर इन दिनों यही चर्चा है। दरअसल, गांव के 20 वर्षीय युवक विपिन कुमार यादव की खौफनाक हत्या के बाद से यहां के युवाओं में ऐसा डर बैठा है कि कई लड़कों ने तो फिलहाल शादी नहीं करने का फैसला कर लिया है। माता-पिता बेटों के इस फैसले से तो चिंतित हैं, लेकिन उन्हें यह भी डर है कि कहीं एक गलत रिश्ता उनके भी परिवार की दशा न बदल दे। 26 मार्च को विपिन रीवा स्थित अपनी ससुराल (टीकर गांव) गया था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। 28 मार्च को परिजन ने रामपुर बघेलान थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने विपिन की पत्नी आंचल यादव और उसके प्रेमी सुनील कुशवाहा के कॉल रिकॉर्ड्स खंगाले, जिससे दोनों के बीच लगातार बातचीत का पता चला। 9 जुलाई को हिरासत में लिए गए सुनील कुशवाहा ने हत्या की बात कबूल की। कार्यपालिक दंडाधिकारी की मौजूदगी में 4 फीट चौड़ी और 6 फीट गहरी कब्र से विपिन का शव बरामद किया गया। पुलिस ने मुख्य आरोपी सुनील और पत्नी आंचल को जेल भेज दिया है। मामले में शामिल दो अन्य संदिग्धों (संजीव बहेलिया और कुमार रजक) की तलाश जारी है।

### माता के दरबार में अश्लील डांस करते वीडियो वायरल

**दतिया।** भांडेर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल रामगढ़ वाली सिद्ध दरबार मंदिर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान अश्लील गानों पर डांस होने का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश है। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। भांडेर नगर से करीब दो किलोमीटर दूर स्थित सिद्ध दरबार मंदिर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। स्थानीय लोगों के अनुसार, कार्यक्रम में देर रात अश्लील गानों पर डांस शुरू हो गया। इसकी जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची डायल-112 की टीम ने तुरंत कार्यक्रम को बंद करवा दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि, पुलिस की टीम के वापस लौटते ही कार्यक्रम दोबारा शुरू हो गया और देर रात करीब 1.30 बजे तक चलता रहा।

# भोपाल-सीहोर में रात भर से हो रही बारिश: मुरैना-भिंड, दमोह-कटनी में हेवी रेन का अलर्ट; मंदसौर और रतलाम में मौसम खुला रहेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



मध्य प्रदेश में मंगलवार को मुरैना, भिंड, दमोह और कटनी में भारी बारिश का अलर्ट है। भोपाल और सीहोर में रात भर से हल्की, लेकिन लगातार बारिश हो रही है। रायसेन, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, झाबुआ, आलीराजपुर, धार, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा और खरगोन में भी बारिश का अनुमान है।

उज्जैन, आगर-मालवा, शाजापुर, देवास, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, ग्वालियर, श्योपुर, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, सागर, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में हल्की बारिश हो सकती है।

नीमच, मंदसौर और रतलाम में बारिश का अनुमान नहीं है। यानी, इन जिलों में मौसम खुला रहेगा। मध्य प्रदेश में मानसूनी सीजन में सिर्फ औसत 10.5 इंच बारिश ही हुई है, जबकि 12.7 इंच पानी गिर जाना था। यानी, 17 प्रतिशत बारिश कम हुई है। पिछले 13 दिन में बूंदाबांदी जरूर हुई, लेकिन भारी बारिश रिकॉर्ड नहीं की गई। क्टऊ (मौसम केंद्र) भोपाल की माने तो अगले चार दिन कुछ ही जिलों में हैवी रेन का अलर्ट है। बाकी में रिमझिम होगी।

भारी बारिश नहीं होने की वजह से ओवरऑल आंकड़े में गिरावट आ रही है। हालांकि, पिछले तीन दिन से कुछ जिलों में तेज बारिश जरूर हुई, पर उतनी नहीं, जो आंकड़े के अंतर को कम कर दें। जुलाई के पहले सप्ताह तक प्रदेश के पश्चिमी हिस्से यानी, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर और चंबल संभाग के जिलों में आंकड़ा प्लस में था, जो 20 जुलाई तक माइनस 12 प्रतिशत पर आ चुका है। वहीं, पूर्वी हिस्से जैसे-जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में 17 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है।

### विधानसभा में आज यूसीसी बिल पर चर्चा:

# मानसून सत्र का आज दूसरा दिन: विपक्ष के विधायक करेंगे विरोध; 14 विधेयकों पर सदन में होगी चर्चा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल



मध्य प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र का आज मंगलवार को दूसरा दिन है। सदन में आज समान नागरिक संहिता विधेयक पर चर्चा की जाएगी। कांग्रेस के विधायक यूजीसी का विरोध कर रहे हैं। सत्र के पहले दिन सोमवार को जब इस बिल को पटल पर रखा गया था, तब कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने इसका विरोध किया था। मसूद ने कहा था कि विधानसभा की कार्यसूची में यह बिल शामिल नहीं था तो अचानक कैसे आ गया। हालांकि सरकार की ओर से यह कहा गया था कि कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में सहमति के बाद अनुपूरक कार्यसूची जारी हुई और उसमें जिन विधेयकों पर सहमति मिली थी उन्हें पेश किया है।

समान नागरिक संहिता सहित करीब 14 विधेयकों पर सदन में चर्चा होनी है। कांग्रेस के विधायक यूसीसी का विरोध कर रहे हैं। वहीं बीजेपी इसके खुले समर्थन में हैं।

अजय विश्नोई: जबलपुर जिले के मझौली विकासखंड में शासकीय उपार्जन योजना के तहत किसानों को धान और गेहूं की खरीदी राशि का भुगतान न होने का मामला उठाएंगे और खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

सोहनलाल बाल्मीक: परासिया के ग्राम जमुनिया जेठू स्थित 'ग्रीन लाइट एसीसी ब्लॉक्स फैक्ट्री' में हुए विस्फोट में घायल हुए मजदूरों को मुआवजा (कंपनसेशन) राशि का भुगतान न मिलने के मुद्दे पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

#### बडे.मुद्दे जो आज विधायक उठाएंगे

रजिस्ट्री शुल्क व गाइडलाइन में बढ़ोतरी का विरोध: यादवेंद्र सिंह संपत्ति की गाइडलाइन और रजिस्ट्री शुल्क में की गई विसंगतिपूर्ण बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग उठाएंगे।

राजधानी में पेयजल और सीवेज समस्या: भगवानदास सबनानी भोपाल के वार्ड 47 (श्याम नगर) में पीने के पानी की लाइन को सीवेज लाइन से पृथक कराने का स्वास्थ्य से जुड़ा अहम मुद्दा उठाएंगे।

**स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार:** उमाकांत शर्मा सिरोंज (विदिशा) के सिविल अस्पताल में डायलिसिस और सोनोग्राफी मशीनों का संचालन शुरू करने की मांग रखेंगे। उच्च शिक्षा और कानून की पढ़ाई: अनिल जैन निवाड़ी में शासकीय विधि (लॉ) महाविद्यालय की स्थापना और राजेंद्र पाण्डेय रतलाम के जावरा में कृषि महाविद्यालय शुरू करने का विषय रखेंगे। आयुर्वेदिक सेवाओं का सुदृढ़ीकरण: बिसाहूलाल सिंह अनूपपुर जिले में संचालित आयुर्वेदिक औषधालयों के उन्नयन और नए भवनों के निर्माण की मांग करेंगे। मध्य प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र का पहला दिन सोमवार को वउउ (यूनिफॉर्म सिविल कोड) विधेयक-2026 के नाम रहा।

### व्हाट्सएप लिंक खोलते ही खाते से 74 हजार गायब, ग्वालियर में युवक को एक महीने बाद पता चली ठगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

ग्वालियर में साइबर ठगों का जाल लगातार फैलता जा रहा है। इस बार माधौगंज थाना क्षेत्र के एक युवक को हँ३२अस्त्रस्त्र पर आई एक अनजान लिंक खोलना भारी पड़ गया। लिंक ओपन करते ही साइबर अपराधियों ने उसके बैंक खाते में सेंध लगा दी और 74 हजार रुपए उड़ा दिए। हैरानी की बात यह रही कि पीड़ित को इस ठगी का पता करीब एक महीने बाद चला। माधौगंज थाना क्षेत्र की सिंधी कॉलोनी स्थित नेपाली माता मंदिर के पास रहने वाले संजय सेंगर के मोबाइल पर 12 मई को दोपहर करीब 3 बजे एक अज्ञात लिंक आई। बिना संदेह किए उन्होंने लिंक खोल दी और फिर मोबाइल जेब में रख लिया। उन्हें अंदाजा भी नहीं था कि इसी एक क्लिक से साइबर ठग उनके बैंक खाते तक पहुंच चुके हैं।

#### 43 दिन बाद दर्ज किया मामला

घटना का खुलासा 7 जून की शाम उस समय हुआ, जब संजय ने अपने एक रिश्तेदार को 10 हजार रुपए ऑनलाइन भेजने की कोशिश की। ट्रांजैक्शन बार-बार फेल होने पर वह बैंक पहुंचे। खाते की जांच में पता चला कि उनके अकाउंट से पहले ही 74 हजार रुपए निकाले जा चुके हैं। ठगी का पता चलते ही पीड़ित ने माधौगंज थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने पीड़ित की जांच के बाद शिकायत के 43 दिन बाद सोमवार रात मामला दर्ज कर साइबर ठगों की तलाश शुरू कर दी है।

## पूर्व मंत्री के समर्थक बोले- तुझे यहीं गाड़ देंगे, प्रदेश प्रभारी ने ओढ़ाई थी शॉल



ब्रह्मास्त्र ▸▸ बैतूल

मध्य प्रदेश के बैतूल में कांग्रेस के संगठन सृजन कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने ब्लॉक अध्यक्ष से धक्का-मुक्की की। आरोपियों ने गर्दन पकड़कर धमकाया। जातिसूचक गालियां दीं। जान से मारने की धमकी देते हुए कहा- तुझे यहीं गाड़ देंगे। तू बहुत होशियार बन रहा है।

कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष और जिला प्रवक्ता विजय पारधी की शिकायत पर पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे समेत 5 लोगों के खिलाफ नामजद ॠक्र दर्ज की गई है। आरोपियों में कांग्रेस नेता एवं अधिवक्ता नवनीत मालवीय, कांग्रेस नेता मनोज मालवे, सलमान खान और एक अन्य साथी शामिल है। विवाद 18 जुलाई को शहर के जैन दादावाड़ी परिसर में हुआ था। कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी भी मौजूद थे। शिकायतकर्ता का आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान गाली-गलौज, जातिसूचक टिप्पणी, मारपीट और जान से मारने की धमकी दी गई। वहीं, पुलिस ने दूसरे पक्ष की शिकायत पर क्रॉस ॠक्र दर्ज की है। इनमें कांग्रेस जिला अध्यक्ष, पूर्व विधायक निलय डागा, नगर अध्यक्ष मोनू बड़ोनिया, विजय पारधी और जिला उपाध्यक्ष हर्षवर्धन धोटे के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। गला दबाने, लात-घूंसे से हमला और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है।

विजय पारधी का आरोप है कि- वह संगठन सृजन कार्यक्रम में शामिल होने जैन दादावाड़ी पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान नवनीत मालवीय ने उन्हें देखते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे, नवनीत मालवीय, मनोज मालवे, सलमान खान और अन्य लोगों ने घेर लिया। 2 लोगों ने धक्का दिया।

विजय पारधी का आरोप है कि आरोपियों ने सार्वजनिक रूप से जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर उनका अपमान किया। पहले एक युवक ने धक्का दिया। इसके बाद नवनीत मालवीय ने गर्दन पकड़ी। विजय को धमकाया और धक्का दिया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।

### आरोपी ने 2 कट्टे के लिए चुकाए 1 लाख रुपए

## भोपाल डबल मर्डर-मकान हड़पने गिफ्ट डीड पर 18 लाख खर्चे, भाभी शिवानी से भी किया लाखों का फ्रॉड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल



#### शिवानी को क्लीन चिट, फ्रॉड का दावा

जांच में अब तक ऐसा कोई साक्ष्य नहीं मिला, जिससे शिवानी की हत्या की साजिश में भूमिका साबित हो सके। पुलिस ने उसे इस मामले में क्लीन चिट दी है। हालांकि जांच में यह भी सामने आया कि श्रीकांत ने कथित तौर पर शिवानी के 42 लाख रुपए कीमत के प्लॉट को बेचकर उसे केवल 32 लाख रुपए दिए। पूछताछ में श्रीकांत ने भी इस लेन-देन की पुष्टि की है। इस कथित आर्थिक गड़बड़ी की अलग से जांच की जा रही है।

भोपाल के चर्चित ऐशबाग डबल मर्डर केस में रिमांड के दौरान कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। बुजुर्ग दंपती की हत्या करोड़ों रुपए की प्रॉपर्टी हड़पने की साजिश का हिस्सा थी।

आरोपी श्रीकांत ने कथित तौर पर गिफ्ट डीड तैयार कराने में लाखों रुपए खर्च किए थे। मर्डर के लिए उसने दो देशी कट्टे के बदले एक लाख रुपए से ज्यादा खर्चे थे। जांच में मृतका शकुंतला की भाभी शिवानी बारिक को हत्याकांड से तो क्लीन चिट मिली है, लेकिन पता चला है कि उसके साथ भी लाखों रुपए के प्लॉट सौदे में फ्रॉड हुआ है। इतना ही नहीं पुलिस की जांच अवैध हथियार सप्लाई नेटवर्क तक पहुंच गई है।

रिमांड के दौरान आरोपियों ने प्रॉपर्टी फ्रॉड, आर्थिक धोखाधड़ी और अवैध हथियारों की सप्लाई चेन तक की कहानी बताई है।

पुलिस के मुताबिक- ऐशबाग बुजुर्ग दंपती हत्याकांड मामला अब सिर्फ हत्या तक सीमित नहीं रहा। पुलिस का दावा है कि आरोपी श्रीकांत ने गिफ्ट डीड के जरिए मकान अपने नाम कराने की पूरी योजना बनाई थी। उसे भरोसा था कि छह महीने से एक साल के भीतर कानूनी प्रक्रिया पूरी कर वह करोड़ों रुपए की इस संपत्ति को बेच देगा।

पूछताछ में श्रीकांत ने पुलिस को बताया कि गिफ्ट डीड तैयार कराने में करीब 18 लाख रुपए खर्च हुए थे। इसके अलावा उसने शकुंतला को तीन लाख रुपए भी दिए थे। पुलिस का मानना है कि इस लेन-देन के बाद आर्थिक दबाव बढ़ने और जल्द संपत्ति पर कब्जा पाने की लालच ने हत्या की साजिश को जन्म दिया।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि श्रीकांत ने अपने भाई शशिकांत को वारदात में साथ देने के बदले मकान बेचने के बाद मिलने वाली रकम में आधा हिस्सा देने का लालच दिया था। पुलिस के मुताबिक, यही लालच उसे साजिश में शामिल करने की बड़ी वजह बना। जांच में सामने आया कि वारदात में इस्तेमाल दोनों देशी पिस्टल (कट्टे) मालवा क्षेत्र से खरीदे गए थे। पुलिस के मुताबिक, एक कट्टा 50 हजार और दूसरा 55 हजार रुपए में खरीदा गया था। अब जांच का फोकस हथियार सप्लाई नेटवर्क पर है। पुलिस उन लोगों की पहचान कर रही है, जिन्होंने आरोपियों को हथियार उपलब्ध कराए। सप्लाई चेन से जुड़े लोगों के खिलाफ भी अलग से कार्रवाई की तैयारी है।

### भोपाल निगम में 12 एल्डरमैन नियुक्त; मंत्री, सांसद-विधायकों के समर्थक एडजस्ट

# सिर्फ नाम के एल्डरमैन...न बजट, न वित्तीय अधिकार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपाल समेत मध्य प्रदेश के 13 नगर निगम में सरकार ने कुल 108 एल्डरमैन (नाम निर्दिष्ट पार्षद) नियुक्त कर दिए हैं। अब ये एल्डरमैन निगमों की मीटिंग में शामिल होंगे और जनता से जुड़े मुद्दे उठाएंगे। हालांकि, उन्हें न तो बजट मिलेगा और न ही कोई वित्तीय अधिकार रहेंगे। भोपाल में मंत्री, सांस और विधायक के समर्थकों को एडजस्ट किया गया है।

एक्सपर्ट की माने तो एल्डरमैन सिर्फ सवाल उठा सकेंगे। वहीं, चर्चा में भी भाग ले सकेंगे। भोपाल निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी कहते हैं कि एल्डरमैन के लिए बजट का प्रावधान नहीं है, लेकिन उन्हें सवाल पूछने का अधिकार मिलता है। मीटिंग में वे किसी भी मुद्दे में चर्चा में शामिल हो सकते हैं। भोपाल निगम में कुल 85 वार्ड हैं। वर्तमान में बीजेपी के कुल 62 पार्षद हैं, जबकि कांग्रेस के 22 और एक निर्दलीय हैं। 12 एल्डरमैन भी बीजेपी के ही हैं। ऐसे में परिषद में इनकी संख्या 74 हो जाएगी। हालांकि, भोपाल निगम की मौजूदा परिषद का कार्यकाल करीब 13 महीने का ही बाकी बचा है। अगले साल अगस्त में चुनाव हो जाएंगे। इसके करीब दो महीने पहले से आचार संहिता लग जाएगी। ऐसे में एल्डरमैन को काम करने के लिए सिर्फ 9 महीने का समय ही मिल सकेगा। बजट और वित्तीय अधिकार को लेकर बात करें तो भोपाल निगम में पार्षद से लेकर मेयर तक का बजट तय है। प्रत्येक पार्षद को सालाना 50 लाख रुपए, एमआईसी मेंबर को 1 करोड़ रुपए, जोन अध्यक्ष को 10 लाख रुपए, अध्यक्ष को 5 करोड़ रुपए और महापौर को 10 करोड़ रुपए खर्च करने के अधिकार हैं। सरकार ने भोपाल के अलावा उज्जैन, मुरैना, सागर, रीवा, सतना, सिंगरौली, कटनी, छिंदवाड़ा, खंडवा, बुरहानपुर, देवास और रतलाम में भी एल्डरमैन नियुक्त किए हैं। भोपाल में 12 और बाकी निकायों में 8-8 एल्डरमैन रहेंगे। इंदौर निगम को फिलहाल होल्ड पर रखा गया है।

#### मुरैना में 8 एल्डरमैन नियुक्त

मुरैना नगर निगम में ऊषा बौंदिल, राजेन्द्र राठौर, अरविंद भदौरिया, दिनेश शर्मा, निधि गुप्ता, संतोषराम प्रजापति, बन्टूदास लाल और महावीर कोरी को एल्डरमैन नियुक्त किया गया है। सागर में 8 नामनिर्दिष्ट पार्षद सागर नगर निगम में महेश जैन, धर्मेंद्र रजक, जुगल प्रजापति, सुबोध पाराशर, विवेक सोढ़िया, राजेंद्र ठाकुर, आशालता सिलाकारी और अभिषेक (अंकु) चौरसिया को एल्डरमैन बनाया है। रीवा में 8 एल्डरमैन की नियुक्ति रीवा नगर निगम में सत्यप्रकाश सचदेवा, राजेन्द्र शुक्ला, सरस्वती गुप्ता, मनोज पटेल, राजकुमार जायसवाल, प्रकाश सोनी, बुद्धसेन नापित और आनन्देन्द्र सिंह को एल्डरमैन बनाया है। सतना में 8 एल्डरमैन बने सतना नगर निगम में चंद्ररेखा डहेर, हर्ष जैसवाल, सौरभ नायक, सुनील सेनानी, समर बहादुर सिंह, निधि गोपाल गुप्ता, कमलेश दतिया और शास्त्री शैलेष कुमार तिवारी को नामनिर्दिष्ट पार्षद नियुक्त किया है। सिंगरौली में 8 नामनिर्दिष्ट पार्षद सिंगरौली नगर निगम में कालिका गुप्ता, किरण सोनी, गिरजा पाण्डेय, मान प्रसाद पाल, सम्पत शाह, किरण सागर खेखवार, नीरज सिंह परिहार और हरिदास गुप्ता को एल्डरमैन बनाया है। कटनी में 8 एल्डरमैन नियुक्त कटनी नगर निगम में वेंकटेश मिश्रा, शोभा कुरील, प्रमोद तिवारी, अम्बरीष वर्मा, आयुष्मान शुक्ला, नरेश अग्रवाल, अभिषेक शर्मा और अनुराग त्रिसौलिया को नामनिर्दिष्ट पार्षद बनाया है।

## कलाकारों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया, मना मां ताप्ती का जन्मोत्सव



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुलताई

आषाढ़ शुक्ल सप्तमी पर सोमवार को मुलताई में मां ताप्ती का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ताप्ती उद्गम स्थल पर सुबह 5 बजे से विशेष पूजन, अभिषेक और अनुष्ठान शुरू हुए। 12 बजते ही पूरा ताप्ती क्षेत्र मातारानी के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने सुहाग सामग्री से माता की गोद भरी और सरोवर की परिक्रमा की।

2 बजे मासोद रोड तिराहे से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। शोभायात्रा में राजस्थान से आए वीर नागौरी कलाकारों के करतब, झांकी, अंबा रूपी बालिकाएं और कलाकारों का पारंपरिक आदिवासी नृत्य आकर्षण का केंद्र रहे।

शोभायात्रा के दौरान मुख्य मार्गों पर भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। जय स्तंभ, फव्वारा और गांधी चौक होते हुए यात्रा ताप्ती सरोवर के तट पर स्थित राम मंदिर परिसर पहुंची। यहां महाआरती के बाद भव्य आतिशबाजी की गई, जो एक घंटे से अधिक समय तक चलती रही। इसे देखने के लिए सरोवर तट पर भारी भीड़ जमा रही।

# इस हफ्ते ओटीटी पर एंटरटेनमेंट का फुल डोज

घर बैठे मनोरंजन

**रोमांस,** कॉमेडी, एक्शन और थ्रिलर का तगड़ा तड़काअगर इस हफ्ते ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर मनोरंजन की भरमार है. रोमांटिक ड्रामा से लेकर एक्शन, कॉमेडी और डॉक्यूमेंट्री तक कई नई फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं.

### मुसाफिर कैफे



विक्रांत मैसी, वेदिका पिंटो और महिमा मकवाना की रोमांटिक सीरीज 'मुसाफिर कैफे' 24 जुलाई से ओटीटी पर स्ट्रीम होगी.

### आदर्श बाल विद्यालय



केके मेनन और अर्चना पूरन सिंह स्टारर कॉमेडी-ड्रामा 'आदर्श बाल विद्यालय' 24 जुलाई से ओटीटी पर रिलीज होगी. सात एपिसोड की यह सीरीज स्कूल लाइफ और हास्य का अनोखा मिश्रण है.

### पल्लीचट्टंबी



टोविनो थॉमस की मलयालम पीरियड एक्शन फिल्म 'पल्लीचट्टंबी' 24 जुलाई से ओटीटी पर स्ट्रीम होगी.

### स्टुअर्ट फेल्स टू सेव द यूनिवर्स



'द बिग बैंग थ्योरी' के स्पिन-ऑफ के रूप में बनी यह साइंस-फिक्शन कॉमेडी 24 जुलाई से आएगी.

### ब्लीच : थाउजेंड-ईयर ब्लड वॉर



सोल रीपर्स और क्विंसी की आपसी दुश्मनी का लोकप्रिय एनीमे का नया चैप्टर 25 जुलाई से स्ट्रीम होगा.

### 72 आवर्स



केविन हार्ट स्टारर अमेरिकी कॉमेडी फिल्म इस हफ्ते 24 जुलाई को दस्तक देगी.

### द डिंक



पिकलबॉल पर आधारित स्पोर्ट्स कॉमेडी फिल्म 'द डिंक' 24 जुलाई से ओटीटी पर रिलीज होगी।

### द टॉक्सिक लव स्टोरी और माई डॉटर्स फादर



22 जुलाई से ओटीटी पर आने वाली ये दोनों पेशकशें क्रमश: एक ट्रू-क्राइम डॉक्यूमेंट्री और भावनात्मक मेडिकल ड्रामा हैं, जो दर्शकों को अलग-अलग तरह का अनुभव देने का वादा करती हैं.

# नसीरुद्दीन शाह@76: पाकिस्तानी लड़की से छिपकर शादी की

## मां ने पूछा था- क्या रत्ना मुस्लिम बनेगी

साल 1960 के दशक की बात है। एक दुबला-पतला लड़का था, जिसे एक्टर बनने के लिए मुंबई जाना था। एक दिन उनके एक दोस्त की गर्लफ्रेंड का पत्र आया कि मुंबई आ जाओ, मेरे पापा फिल्मों में कैरेक्टर आर्टिस्ट हैं, वो तुम्हारी मदद करेंगे।

जिसके बाद वो मुंबई के निकल पड़ा। हालांकि जिस लड़की के भरोसे वो मुंबई पहुंचा, वो खुद बेहद साधारण जिंदगी जी रही थी। जिसके बाद उसने कुछ दिन रिश्तेदार के घर गुजारे, फिर वहां से भी जाना पड़ा। जेब खाली हुई तो जरी की फैक्ट्री के हॉल में रातें बिताईं। जहां वो तीस-चालीस लोगों के साथ फर्श पर सोया। कई बार लोकल ट्रेन में बिना टिकट सफर किया। बाद में यही लड़का आगे चलकर भारतीय सिनेमा के सबसे शानदार अभिनेताओं में से एक बना। स्पर्श, मासूम, सरफरोश, ए वेडनेसडे और इश्किया जैसी कई फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से उसने दर्शकों का दिल जीता। जी हां, हम बात कर रहे हैं नसीरुद्दीन शाह की। आज उनके 76वें जन्मदिन पर जानते हैं उनकी जिंदगी से जुड़े कुछ ऐसे अनसुने किस्से।

नसीरुद्दीन शाह अपनी आत्मकथा 'एंड देन वन डे' में लिखते हैं कि दसवीं की परीक्षा पास करने के बाद उनको ऐसा लगा जैसे जिंदगी का सबसे मुश्किल पड़ाव पीछे छूट चुका हो। उनके पिता चाहते थे कि वो डॉक्टर बनें, अफसर बनें या फौज में जाएं। नेशनल डिफेंस अकादमी का फॉर्म भी भरवा दिया गया। मगर नसीरुद्दीन शाह के दिल में एक ही सपना था- एक्टर बनना और वह सपना मुंबई जाकर ही पूरा हो सकता था।



कॉलेज में दाखिला तो हो गया, लेकिन क्लास से ज्यादा वक्त वो सिनेमाघरों में बिताते थे। फीस के पैसे भी फिल्मों पर खर्च होने लगे। इसी दौरान उन्होंने मुंबई में रहने वाली अपने एक दोस्त की गर्लफ्रेंड को पत्र लिखा, जिसके पिता फिल्मों में कैरेक्टर आर्टिस्ट थे। उसका जवाब आया, ह्यमुंबई आ जाओ, पापा तुम्हारी मदद करेंगे।ह्ल बस, इतना सुनना था कि नसीरुद्दीन ने फीस के पैसों से ट्रेन का टिकट खरीद लिया, घड़ी और साइकिल बेचने की योजना बनाई और जेब में करीब पांच सौ रुपए लेकर मुंबई के लिए निकल पड़े।

हालांकि, जिस लड़की के परिवार के भरोसे वह मुंबई आए थे, वही बेहद साधारण जिंदगी जी रही थी। इसके बाद कुछ दिन वह रिश्तेदार के घर में रहे, लेकिन जब सबको समझ आ गया कि यह लड़का वापस जाने वाला नहीं है, तो वहां से चले गए और एक जरी कढ़ाई की फैक्ट्री के बड़े-से हॉल में रहने लगे।

### दिलीप कुमार ने फिल्मों से दूर रहने की सलाह दी

घर से बिना बताए मुंबई आए नसीरुद्दीन शाह एक दिन पामपोश रेस्तरां के बाहर फुटपाथ पर बैठे थे। तभी एक लंबी, चमचमाती ग्रे रंग की लिमोजीन उनके सामने आकर रुकी। पीछे का दरवाजा खुला और ऊंची एड़ी की सैंडल पहने एक महिला उतरीं। उन्होंने पूछा, 'क्या तुम्हारा नाम नसीर है?'

शाह ने हैरानी में सिर हिलाया। महिला ने बिना समय गंवाए उन्हें कार की आगे वाली सीट पर बैठने का इशारा किया। थोड़ी देर बाद उन्होंने उस महिला को पहचान लिया। वे थीं सईदा खान, दिलीप कुमार की सबसे छोटी बहन। तब नसीरुद्दीन शाह को समझ आया कि आखिर उन्हें ढूंढ़ कैसे लिया गया। उनके पिता अजमेर की उस सूफी दरगाह के प्रशासक रह चुके थे, जहां दिलीप कुमार की एक और बहन सकीना अक्सर आया करती थीं। दो महीने तक उनका कोई पता न मिलने के बाद आखिरकार पिता ने उन्हीं से संपर्क किया और एक पुराने परिचय के सहारे दिलीप कुमार का परिवार शाह तक पहुंचा था। कार दिलीप कुमार के बंगले में दाखिल हुई। ऊपर ले जाकर उनकी मुलाकात सकीना से कराई गई। अजमेर में वे उनसे पहले मिल चुके थे, लेकिन इस बार सकीना बेहद नाराज थीं। उनके सामने वे रो पड़े और माफी मांगने लगे। आखिरकार उन्होंने घर लौटने की हामी भर दी।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## रंग भरकर चित्र बनाओ







## जोक्स

पिता (बेटे पर गुस्सा करते हुए) - एक काम ढंग से नहीं होता तुझसे।
तुम्हें पुदीना लाने के लिए कहा था और तुम धनिया ले आए...
तुझ जैसे बेवकूफ को तो घर से निकाल देना चाहिए...!
बेटा - पापा चलो इकट्ठे ही चलते हैं...
पिता - क्यों...?
बेटा - क्योंकि मम्मी कह रही थी कि ये मेथी है...!!!
00000000000

संता - सुबह-सुबह पड़ोसन बोल रही थी कि मेरे पेट में चूहे दौड़ रहे हैं...
बंता - तो फिर तुमने क्या किया...?
संता - मैंने उसे चूहे मारने की दवा खिला दी...
दो घंटे से सो रही है,
थैंक्यू भी नहीं बोला...!!!
00000000000

## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**

1. सिंह, शेर-3
6. कृषि पैदावार-3
7. कमल सरोवर-5
8. बारीक-3
10. जरा, थोड़ा-2
12. वाराणसी-4
15. टूटना, तड़कना-4
17. शराब, मदिरा-2
19. बुद्धि, मति-3
21. सेवा, चाकरी, देखभाल-5
23. कर्म, भाग्य-3
24. यज्ञ, होम-3

**ऊपर से नीचे**

2. आक्रमणकारी-5
3. समा, माहौल-3
4. आर्द्रता, नमी-3
5. चट्टान (अंग्रेजी-2)
6. अंतर, फर्क-3
9. षष्ठीपूर्ति, 60 वर्ष पूरे होना-3
11. नशा, खुमार-2
13. नरम, मुलायम-3
14. एक जैसा, समान-2
16. सार-संभाल-2,3
18. अनाथ, बेसहारा-3
19. खालिस, शुद्ध-3
20. फालिज, पक्षाघात-3
22. क्रोध, खीज, गुस्सा-2

### वर्ग पहेली



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | | 30 | | 50 | | 20 | = | 10 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 20 | | 4 | | 45 | | 20 | = | 30 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 20 | | 2 | | 2 | = | 20 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 1 | | 20 | | 10 | = | 20 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 40 | | 14 | | 27 | | 20 | = | 40 / 30 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल



शब्दजाल में उत्तर प्रदेश के 10 प्रमुख सिने व्यक्तित्व के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे हैं.

नौशाद, कमाल अमरोही, कैफी आजमी, नरगिस, शैलेंद्र, समीर, अभिजीत, रवींद्र जैन, शबाना आजमी, अमिताभ बच्चन

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | | 1 | | 3 |
| | 35 | | 26 | | 28 | |
| | 6 | 5 | | 3 | 2 | 1 |
| 4 | 32 | | 32 | | 32 | 4 |
| | | 3 | 4 | | 6 | |
| 6 | 35 | | 35 | 7 | 38 | 2 |
| | | 6 | 1 | | 4 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### माथा पच्ची का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 60 | - | 30 | + | 20 | - | 25 | = | 25 |
| - | ■ | + | ■ | x | ■ | ÷ | ■ | - |
| 50 | ÷ | 2 | - | 5 | x | 1 | = | 20 |
| + | ■ | - | ■ | ÷ | ■ | + | ■ | + |
| 18 | + | 14 | ÷ | 4 | x | 4 | = | 32 |
| + | ■ | - | ■ | - | ■ | - | ■ | - |
| 30 | - | 10 | x | 2 | ÷ | 8 | = | 5 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 58 | + | 8 | - | 23 | - | 21 | = | [illegible] |

### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 2 | 27 | 7 | 32 | 4 | 34 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 7 |
| 5 | 33 | 6 | 32 | 6 | 31 | 3 |
| 7 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 33 | 5 | 31 | 7 | 34 | 5 |
| 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 6 |

### शब्दजाल का हल



## सूडोकू बवाल

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू बवाल का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

# चीन में डिलीवरी बॉय को सबसे बड़ा साहित्यिक सम्मान मिला

## :ग्राहक की फटकार के बाद लेखक बने, खाना पहुंचाते हुए कई कविताएं लिखीं

**चीन में फूड डिलीवरी का काम करने वाले 56 वर्षीय वांग जिबिंग को देश के सबसे प्रतिष्ठित साहित्यिक सम्मानों में से एक लू शुन साहित्य पुरस्कार मिला है। उनकी कविता संग्रह 'लो फ्लाइट' को यह सम्मान दिया गया है। इस किताब की कई कविताएं उन्होंने फूड डिलीवरी के बीच मिले खाली समय में कागज के छोटे-छोटे टुकड़ों पर लिखी थीं।**

है और फिर धीरे-धीरे पूरी दुनिया को रोशन कर देती है।

### 6 हजार से ज्यादा कविताएं लिख चुके वांग

अब तक वह 6 हजार से अधिक कविताएं लिख चुके हैं। उनकी कई रचनाएं प्रतिष्ठित साहित्यिक पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं। वांग कहते हैं, ₹लोग शायद मुझे याद न रखें, लेकिन उन्हें तेज रफ्तार से गुजरता एक फूड डिलीवरी राइडर जरूर याद रहता है।₹ यही सोच उन्हें लाखों डिलीवरी कर्मियों की जिंदगी पर किताब लिखने की प्रेरणा बनी।

वांग का कहना है, मैं चाहता हूं कि इस किताब को पढ़ने के बाद लोग डिलीवरी राइडर्स के प्रति ज्यादा समझदारी और धैर्य दिखाएं, ताकि उनके साथ होने वाले विवाद कम हों।



वांग 2019 के आसपास फूड डिलीवरी राइडर बने थे। उनकी कविताएं सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय हुए। उनकी नई किताब 'लो फ्लाइट' डिलीवरी राइडर्स की रोजमर्रा की परेशानियों, संघर्ष और जीवन पर आधारित है। यह किताब उन्होंने 2024 में प्रकाशित की थी। इसके लिए उन्होंने करीब 200 डिलीवरी राइडर्स से बातचीत की और उनके अनुभवों को अपनी कविताओं में दर्ज किया।

उनकी एक कविता की पंक्ति है- किसने कहा कि पंख फैलाने का मतलब सिर्फ ऊंची उड़ान भरना है? नीचे उड़ना भी उड़ान ही है।

### कस्टमर से मिली फटकार के बाद लिखी कविता- वायरल हुई

वांग का जन्म चीन के जियांगसू प्रांत में हुआ था। आर्थिक तंगी के कारण उन्हें 14 साल की उम्र में ही पढ़ाई छोड़नी पड़ी। इसके बाद उन्होंने निर्माण मजदूर, कबाड़ बीनने वाले और सड़क किनारे सामान बेचने जैसे कई छोटे-मोटे काम किए। बाद में वे फूड डिलीवरी राइडर बन गए। हालांकि, पढ़ने-लिखने का उनका शौक कभी खत्म नहीं हुआ।




2022 में उनकी कविता 'मैन इन ए हरी' सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी। यह कविता 2019 की एक घटना से प्रेरित थी। उस समय वह जियांगसू के कुनशान शहर में फूड डिलीवरी का काम कर रहे थे। एक ग्राहक ने गलत पता दर्ज कर दिया था। सही घर ढूंढने के लिए वांग को तीन रिहायशी इमारतों में भटकना पड़ा और 18 मंजिल तक सीढ़ियां चढ़नी पड़ीं।

जब वह आखिरकार खाना लेकर पहुंचे तो ग्राहक ने देर होने पर उन्हें डांट दिया। घर लौटते समय उन्होंने अपनी नाराजगी और दर्द को शब्दों में ढाल दिया। इसी से उनकी कविता 'मैन इन ए हरी' जन्मी। यह कविता सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। यही से उनके साहित्यिक सफर की शुरूआत हुई। इसके बाद 2023 में उनका पहला कविता संग्रह 'मैन इन ए हरी: पोएम्स ऑफ ए फूड डिलीवरी राइडर' प्रकाशित हुआ।

इस किताब की एक कविता की एक पंक्ति है- सड़क पर दौड़ता हर आम इंसान अपने हाथ में एक छोटी-सी रोशनी लिए चलता है। यही रोशनी पहले हमें रास्ता दिखाती

### पुरस्कार मिलने के बाद भी नौकरी नहीं छोड़ेंगे

पुरस्कार जीतने के बाद वांग ने सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स से कहा कि पुरस्कार मिलने की खबर आने तक वे बेहद घबराए हुए थे। उन्होंने बताया कि मीडिया का बढ़ता ध्यान उनके लिए मानसिक दबाव भी लेकर आया।

उन्होंने साफ किया कि पुरस्कार मिलने के बावजूद वे अपनी नौकरी नहीं छोड़ेंगे। उनका कहना है कि वे 60 साल की उम्र तक फूड डिलीवरी का काम जारी रखना चाहते हैं।

वांग ने कहा, अब मुझे जीवनयापन के लिए इस नौकरी की जरूरत नहीं है, लेकिन मुझे यह काम पसंद है। इससे मैं सक्रिय और फिट रहता हूं। मैं जमीन से जुड़ी जिंदगी जीना चाहता हूं और यह पुरस्कार मुझे नहीं बदलेगा।

### चीन में बढ़ रही है मजदूर लेखकों की पहचान

वांग जिबिंग उन ब्लू-कॉलर कामगारों की नई पीढ़ी का हिस्सा हैं, जिन्हें हाल के कुछ साल में उनके साहित्यिक लेखन के लिए पहचान मिली है। उनकी रचनाएं चीन की तेजी से बढ़ती गिग इकोनॉमी में काम करने वाले लाखों लोगों के संघर्ष, दबाव और जीवन की सच्चाई को सामने लाती हैं।

साल 2023 में पूर्व डिलीवरी कर्मी हू आनयान की आत्मकथा 'आई डिलीवर पार्सल्स इन बीजिंग' प्रकाशित हुई थी। यह किताब चीन में बेस्टसेलर बनी और विदेशों में भी चर्चा का विषय रही। पिछले साल इसका अंग्रेजी अनुवाद भी प्रकाशित हुआ।

इसी तरह 2017 में प्रवासी मजदूर फान यूसु का आत्मकथात्मक लेख 'आई एम फान यूसु' चीन में इंटरनेट पर जबरदस्त वायरल हुआ था। इसे इतनी बड़ी प्रतिक्रिया मिली कि लगातार मीडिया की भीड़ से बचने के लिए फान को कुछ समय के लिए अपना घर तक छोड़ना पड़ा।

### लू शुन चीन का सबसे बड़ा साहित्यिक सम्मान

वांग जिबिंग को जिस लू शुन साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, उसका नाम चीन के महान साहित्यकार लू शुन के नाम पर रखा गया है। उन्हें 20वीं सदी के चीन का सबसे प्रभावशाली लेखक माना जाता है। उन्होंने अपने व्यंग्यात्मक उपन्यासों और कहानियों के जरिए पारंपरिक चीनी समाज की कमियों और सामाजिक बुराइयों पर हमला बोला। लू शुन साहित्य पुरस्कार का आयोजन चाइना राइटर्स एसोसिएशन करता है। यह पुरस्कार हर चार साल में दिया जाता है और इसे चीन के सबसे बड़े साहित्यिक सम्मानों में गिना जाता है। इसकी शुरूआत समकालीन चीनी साहित्य की उत्कृष्ट रचनाओं को सम्मानित करने के लिए की गई थी।



सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, यह पुरस्कार लंबे समय से चीन के मुख्यधारा के साहित्य का सबसे बड़ा पैमाना माना जाता रहा है और साहित्य जगत में इसका खास महत्व है।

**अमेरिका ने लगातार 10वीं रात ईरान पर बमबारी की:**

# तेहरान का कुवैत में यूएस बेस पर अटैक; हूती विद्रोहियों की सऊदी के खिलाफ समुद्री नाकेबंदी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ईरान

अमेरिका ने मंगलवार को लगातार 10वीं रात ईरान के दक्षिणी हिस्सों में हवाई हमले किए। ईरानी मीडिया के मुताबिक, सीरिक, बंदर अब्बास, केश्म द्वीप, चाबहार और कोनारक समेत कई इलाकों में विस्फोट हुए।

दूसरी ओर, ईरानी सेना ने दावा किया कि उसने हाल के घंटों में कुवैत के कैंप अरिफजान में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर तैनात ल्कद्धअफ्र मिसाइल सिस्टम को निशाना बनाया। हालांकि, इस दावे की पुष्टि नहीं हुई है।



उधर, यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब के खिलाफ समुद्री नाकेबंदी का ऐलान किया है। हूतियों ने कहा कि बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट को सऊदी जहाजों के लिए बंद किया जाएगा और उनके सारे जहाज हमारे निशाने पर रहेंगे। यह जलमार्ग लाल सागर का एंट्री गेट है, जहां से दुनिया का करीब 10% वैश्विक व्यापार गुजरता है। ईरान के दक्षिण-पश्चिमी शहर शिराज में सोमवार देर रात कई धमाकों की आवाजें सुनाई दीं। सरकारी प्रसारक कक्क्ह के मुताबिक, शहर के दो इलाकों को निशाना बनाया गया।




वहीं, बुशहर में एयर डिफेंस सिस्टम सक्रिय किया गया। बुशहर में ईरान का प्रमुख परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थित है,

### ईरान पर लगातार 10वीं रात अमेरिकी हमले

अमेरिका ने सोमवार रात लगातार 10वीं बार ईरान के कई इलाकों पर हवाई हमले किए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीरिक, बंदर अब्बास, केश्म द्वीप, चाबहार और कोनारक के आसपास विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी सैनिकों की मौत का ईरान को कई गुना ज्यादा जवाब दिया जाएगा। पिछले एक सप्ताह में कम से कम तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत हुई है।

# अमेरिकी सैनिकों का इंतजार कर रहे हैं, आइलैंड पर कब्जे की कोशिश की, तो कोई जिंदा बचकर नहीं जाएगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ईरान

ईरान ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उसने खार्ग आइलैंड पर कब्जे की कोशिश की तो उसके सैनिक जिंदा वापस नहीं लौट पाएंगे। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की खार्ग आइलैंड पर कब्जे से जुड़े बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ईरान में ऐसे लोग हैं जो अमेरिकी सैनिकों के आने का इंतजार कर रहे हैं। खार्ग आइलैंड और उसके आसपास सामना करने के लिए पूरी तैयारी है।



खार्ग आइलैंड फारस की खाड़ी में बुशहर प्रांत के तट से करीब 55 किलोमीटर दूर स्थित है। यह ईरान के तेल निर्यात का सबसे बड़ा केंद्र है और रणनीतिक रूप से देश की सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा परिसंपत्तियों में गिना जाता है।

IRGC ने कहा कि उसने जॉर्डन, कुवैत, ओमान समेत कई देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर बड़े हमले किए हैं। साथ ही चेतावनी दी कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। कुवैत के बिजली उत्पादन और वॉटर डिसेलिनेशन संयंत्र पर फिर हमला हुआ, जिससे कई बिजली उत्पादन इकाइयों में आग लग गई। मंत्रालय ने घटना की पुष्टि करते हुए राहत कार्य जारी होने की जानकारी दी। ईरान के एटॉमिक एनर्जी ऑर्गनाइजेशन (अएडक) ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने खुजेस्तान प्रांत में बन रहे डारखोविन परमाणु ऊर्जा संयंत्र की साइट पर हमला किया है। अमेरिकी हमलों और भीषण गर्मी के बीच ईरान में बिजली संकट बढ़ गया है। तेहरान समेत कई इलाकों में रोज बिजली कटौती हो रही है, जिससे आम जनजीवन और पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इराक ने बसरा से तुर्किये और सीरिया तक नई तेल पाइपलाइन बिछाने की योजना पर काम शुरू किया है। इसका उद्देश्य तेल निर्यात के लिए होर्मुज पर निर्भरता कम करना है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि 20 जुलाई तक अमेरिकी सेना ने सात जहाजों को ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश या वहां से निकलने से रोकने के लिए उनका मार्ग बदल दिया, जबकि एक जहाज को निष्क्रिय कर दिया गया।

### गुवाहाटी में लैंडस्लाइड, असम बाढ़ से 1.7 लाख लोग प्रभावित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जम्मू

जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही बारिश से हालात गंभीर बने हुए हैं। पिछले दो दिनों में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 23 हो गई है। पुंछ और राजौरी के बाढ़ प्रभावित इलाकों में सात लोग अब भी लापता हैं। लगातार बारिश के कारण राहत और बचाव अभियान प्रभावित हुआ। सोमवार को भारी बारिश के बाद असम के गुवाहाटी में लैंडस्लाइड हुई। इसके बाद नेशनल हाईवे 715 का एक हिस्सा पानी में डूब गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य के 12 जिलों में 1.70 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। एमपी के लगभग 90% हिस्से में अगले 4 दिन यानी, 23 जुलाई तक हल्की बारिश का दौर बना रहेगा। राजस्थान में दो हफ्ते बाद मानसून एक बार फिर एक्टिव होने से जयपुर समेत 33 जिलों में बारिश का अलर्ट है।

### अमेरिका से 18 हजार भारतीय डिपोर्ट होंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने डिपोर्टेशन का बड़ा अभियान छेड़ने की तैयारी कर ली है। अमेरिका में 18 हजार अनडॉक्युमेंटेड (बिना दस्तावेज) भारतीय निशाने पर आ गए हैं। इस बार भी ट्रम्प प्रशासन डिपोर्टेशन के लिए सैन्य विमानों के इस्तेमाल की तैयारी में है, जो उनकी सख्त इमिग्रेशन नीति की सबसे चर्चित तस्वीर बन चुका है। अनडॉक्युमेंटेड भारतीयों को न अपील, न दलील और न ही वकील करने का मौका मिलेगा। ट्रम्प की आईसीई (इमिग्रेशन कस्टम्स एंड एनफोर्समेंट) की टीमें लगातार छापे मार रही हैं। अमेरिका के 4 शहरों- न्यूयॉर्क, टेक्सास, कैलिफोर्निया और न्यूजर्सी–से ग्राउंड रिपोर्ट की। इसमें सामने आया कि डिपोर्टेशन अभियान ने बिना दस्तावेज वाले भारतीयों की जिंदगी पूरी तरह बदल दी है। डिटेंशन सेंटर में बंद लोगों के साथ दुर्व्यवहार की कहानियां भी सामने आईं। ट्रम्प प्रशासन ने डिपोर्ट किए जाने वाले प्रवासियों को रखने के लिए एल पासो में एक और कैलिफोर्निया में दो वेयरहाउस खरीदे हैं। इन पर करीब 16,500 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं।

## जेडी वेंस उपराष्ट्रपति रहते हुए चौथे बच्चे के पिता बने:अमेरिका में 150 साल में पहली बार ऐसा हुआ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और उनकी पत्नी उषा वेंस के घर चौथे बच्चे का जन्म हुआ है। 19 जुलाई की सुबह उनके बेटे एलक नील वेंस का जन्म हुआ। 150 साल से ज्यादा समय बाद ऐसा पहली बार हुआ है, जब किसी मौजूदा अमेरिकी उपराष्ट्रपति के कार्यकाल के दौरान उनके घर बच्चे का जन्म हुआ।



टाइम मैगजीन के मुताबिक, इससे पहले ऐसा 1870 में हुआ था। उस समय राष्ट्रपति यूलिसिस एस. ग्रांट के कार्यकाल में उपराष्ट्रपति शायलर कोलफैक्स की पत्नी एलन कोलफैक्स ने बेटे शायलर कोलफैक्स तृतीय को जन्म दिया था। जेडी वेंस ने सोशल मीडिया पर चौथे बच्चे की खुशखबरी साझा करते हुए लिखा, उषा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। हमारे तीनों बच्चे अपने छोटे भाई से मिलकर बेहद खुश हैं। एलक नील वेंस, जेडी और उषा वेंस की चौथी संतान हैं। उनसे पहले उनके तीन बच्चे इवान (9 वर्ष), विवेक (6 वर्ष) और मिराबेल (4 वर्ष) हैं। उषा वेंस का जन्म और पालन-पोषण कैलिफोर्निया के सैन डिएगो में हुआ। उनके माता-पिता भारत से अमेरिका जाकर बसे थे। उनके पिता मैकेनिकल इंजीनियर हैं, जबकि मां मॉलिक्यूलर बायोलॉजिस्ट हैं। उषा और जेडी वेंस की मुलाकात 2010 में येल लॉ स्कूल में पढ़ाई के दौरान हुई थी। बाद में दोनों ने शादी की। जेडी वेंस ट्रम्प सरकार के उन प्रमुख नेताओं में रहे हैं, जो अमेरिका में जन्मदर बढ़ाने की वकालत करते रहे हैं। उनका मानना है कि अमेरिका में गिरती जन्मदर भविष्य के लिए बड़ी चुनौती है। इसी वजह से उन्होंने टैक्स छूट, परिवारों के लिए आर्थिक मदद और बच्चों वाले परिवारों को अधिक समर्थन देने जैसी नीतियों की पैरवी की है।

# यूक्रेन में शिप पर हमला, 4 भारतीयों की हुई मौत

## भारत ने कहा- कारोबारी जहाजों को निशाना बनाना गलत; यूक्रेन बोला- रूसी मिसाइलों से हमला हुआ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कीव

यूक्रेन के ओडेसा पोर्ट से रवाना हुए कार्गो जहाज गोल्डन लियो पर रविवार को हुए हमले में चार भारतीय नागरिकों की मौत हो गई। एक भारतीय गंभीर रूप से घायल है और अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। भारत सरकार ने सोमवार को इसकी पुष्टि करते हुए हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि कारोबारी जहाजों और निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाना पूरी तरह गलत है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारतीय दूतावास लगातार यूक्रेनी अधिकारियों के संपर्क में है और प्रभावित लोगों की हरसंभव मदद की जा रही है।




उधर, यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक गोल्डन लियो जहाज ओडेसा से मक्का लेकर रवाना हुआ था। पोर्ट से निकलने के कुछ देर बाद उस पर तीन रूसी क्रूज मिसाइलों से हमला किया गया। यूक्रेन की नौसेना ने कहा कि हमले के बाद जहाज में आग लग गई। रॉयटर्स के मुताबिक, समुद्र में जहाज से घना धुआं उठता देखा गया, जिसकी बाद में पहचान हुई।

विदेश मंत्रालय मुताबिक, 19 जुलाई की शाम अफ्रीकी देश गिनी-बिसाऊ के झंडे वाले इस जहाज पर हमला हुआ। उस समय जहाज पर कुल 17 क्रू मेंबर थे, जिनमें पांच भारतीय शामिल थे। विदेश मंत्रालय ने मारे गए भारतीयों के परिवारों के प्रति संवेदना जताई और घायल भारतीय के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, भारत ऐसे हमलों की निंदा करता है। कारोबारी जहाजों और निर्दोष नागरिक क्रू को निशाना बनाना या समुद्री व्यापार और नेविगेशन की आजादी में बाधा डालना निंदनीय है और इससे बचा जाना चाहिए।

### ब्लैक सी में बढ़ता तनाव, कारोबार पर असर

वहीं, यूक्रेन के समुद्री बंदरगाह प्राधिकरण के मुताबिक घटना के बाद पूरी रात सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। हमले में नौ क्रू मेंबर और एक समुद्री पायलट की मौत हुई, जबकि 17 में से आठ क्रू मेंबर को सुरक्षित बचा लिया गया।

यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब रूस और यूक्रेन के बीच ब्लैक सी और सी ऑफ एजोव में सैन्य गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। इससे कारोबारी जहाजों और अनाज के निर्यात पर खतरा बढ़ गया है। 2022 में रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद ब्लैक सी दुनिया के सबसे संवेदनशील समुद्री इलाकों में शामिल हो गया। कुछ अंतरराष्ट्रीय

■ वर्ष-12 अंक-258 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

## सुभाषितानि

जानीयात्प्रेषणेभृत्यान् बान्धवान्व्यसनाऽऽगमे।
मित्रं याऽऽपत्तिकालेषु भार्यां च विभवक्षये॥

**भावार्थ** : किसी महत्वपूर्ण कार्य पर भेजते समय सेवक की पहचान होती है। दुःख के समय में बन्धु-बान्धवों की, विपत्ति के समय मित्र की तथा धन नष्ट हो जाने पर पत्नी की परीक्षा होती है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 21 जुलाई, 2026

दुष्टा भार्या शठं मित्रं भृत्यश्चोत्तरदायकः।
ससर्पे गृहे वासो मृत्युरेव न संशयः॥

**भावार्थ** : दुष्ट पत्नी, शठ मित्र, उत्तर देने वाला सेवक तथा सांप वाले घर में रहना, ये मृत्यु के कारण हैं इसमें सन्देह नहीं करनी चाहिए।

## सम्पादकीयम्

### लोकतान्त्रिक चेतनायाः उदयः

अस्मिन् काले निगरानीयशासनं, स्थायिप्रायः आपत्कालस्य च स्थितिः प्रवृत्ता, येन ईरानीजनानाम् जीवने अनिवार्यरूपेण परिवर्तनं जातम् पुस्तकस्य प्रथमार्धे कट्टरपंथीभिः सत्तानियन्त्रणं कथं सुदृढं कृतम् इति विस्तरेण वर्णितम् अस्ति, उत्तरार्धे तु तस्य अधिकारस्य विरुद्धं प्रतिरोधस्य वृत्तान्तं वर्णितम् अस्ति। अस्मिन् उत्तरखण्डे लेखकाः इराणीयुवानां भावनां पाठकं प्रति अपि प्रसारयन्ति। लेखकाः टिप्पणीं कुर्वन्ति यत् यथा यथा एकविंशतिशतकं समीपं गच्छति स्म तथा तथा इरान्देशस्य नागरिकसमाजस्य पुनः बलं प्राप्तुं आरब्धम्। छात्रसमूहानां साहित्यसंस्थानां च तीव्रप्रसारः अभवत्। अनेन जनानां मध्ये लोकतान्त्रिकभावना उत्पन्ना; लोकतन्त्रं तेषां कृते परकीराजनैतिकसंकल्पना नासीत्। यतः छात्राः लेखकाः च लोकतान्त्रिकसिद्धान्तेषु स्वकीयाः संस्थाः चालयन्ति स्म, तस्मात् तेषां मनसि देशस्य अपि तथैव शासनं कर्तव्यम् इति भावः आरब्धः। एषा भावना अन्ते वीथिषु प्रसृता। यथार्थतः अमेरिकी-आक्रमणात् पूर्वं इरान्-देशः परिवर्तनस्य कालखण्डं प्राप्नोति स्म। महिलाः स्वअधिकारस्य आग्रहं कुर्वन्ति स्म, नागरिकसमाजः संगठनं कुर्वन् आसीत्, जनानां जीवनशैल्यां पीढीपरिवर्तनं च भवति स्म। परन्तु युद्धेन इस्लामिककट्टरपक्षिभ्यः एतान् आन्दोलनानि दमनस्य अवसरः प्राप्तः।

### इदानीं सामाजिककार्यकर्ता अन्ना हजारे इत्यनेन सम्पूर्णस्य प्रकरणस्य

# चिन्ता प्रकटिता, केन्द्रसर्वकाराय संवादं कर्तुं आह्वानं च कृतम्

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

अस्मिन् समये केचन छात्राः आरोपितवन्तः यत् पुलिसैः स्थले आन्दोलनकारिभिः सह कठोरव्यवहारः कृतः। केचन छात्राः लाठी-चार्जः अभवत् इति अपि दावान् कृतवन्तः। परन्तु एतेषां आरोपानाम् आधिकारिकपुष्टिः पुलिसैः न कृता। प्रशासनं कथयति यत् सम्पूर्णं कार्यं विधिना न्यायालयस्य निदेर्शानुसारं च कृतम्, तथा च कस्यापि अव्यवस्थायाः निवारणाय आवश्यकानि पदानि गृहीताः।

इदानीं सामाजिककार्यकर्ता अन्ना हजारे इत्यनेन सम्पूर्णस्य प्रकरणस्य विषये चिन्ता प्रकटिता, केन्द्रसर्वकाराय संवादं कर्तुं आह्वानं च कृतम्। लोकतन्त्रे गम्भीरविषयाणां समाधानं वातार्लापद्वारा प्राप्यते इति सः अवदत्। यदि वाङ्गचुकस्य माङ्गल्याः सह सर्वकारः असहमतः अस्ति तर्हि तस्य स्थितिः स्पष्टतया वक्तव्या; आन्दोलनकारिणं दीर्घकालं यावत् अनिश्चिततायाः अवस्थायां स्थापयितुं अनुचितम्। सः अपि अवदत् यत् आन्दोलनकारिणः सहनशक्तिं परीक्षितुं स्थाने सर्वकारेण रचनात्मकसंवादस्य आरम्भः करणीयः।

अन्ना हजारे इत्यस्याः आह्वानं महत्त्वपूर्णं मन्यते यतोहि २०११ तमे वर्षे सः स्वयमेव लोकपाल-अधिनियमस्य प्रवर्तनस्य आग्रहं कृत्वा दिल्लीनगरे ऐतिहासिकं अनशनं कृतवान् तत् आन्दोलनं तत्कालीनस्य संयुक्तप्रगतिशीलगठबन्धनस्य सर्वकारस्य उपरि अपारं राजनैतिकदबावं कृत्वा राष्ट्रव्यापीं भ्रष्टाचारविरोधी



जनान्दोलनरूपेण विकसितम् फलतः हजारे इत्यस्य वर्तमानं वचनं सर्वकारस्य आन्दोलनस्य च कृते महत्त्वपूर्णः सन्देशः इति दृश्यते। इदानीं वाङ्गचुकस्य पत्नी अपि सार्वजनिकरूपेण चिन्ताम् अव्यक्तवती यत् तस्य सहमतिम् विना कोऽपि चिकित्साविधिः न कर्तव्या इति। सा सूचितवती यत् यदि वाङ्गचुक इत्यस्य इच्छाविरुद्धं किमपि कार्यं क्रियते तर्हि उत्तरदायीजनाः उत्तरदायी भविष्यन्ति इति। एतेन कथनेन सम्पूर्णे परिस्थितौ संवेदनशीलतायाः नूतनः स्तरः योजितः अस्ति।

राजनैतिकविश्लेषकाः मन्यन्ते यत् सोनम वाङ्गचुकस्य आन्दोलनं एकस्य व्यक्तिस्य अनशनस्य व्याप्तिम् अतिक्रान्तवान्; शिक्षाव्यवस्थायां पारदर्शिता, लोकतान्त्रिकाधिकारः, शान्तिपूर्णविरोधस्य अधिकारः इत्यादिभिः व्यापकविषयैः सह अधिकाधिकं सम्बद्धः अस्ति। अत एव सम्पूर्णं राष्ट्रं एतान् विकासान् निकटतया पश्यति। सम्प्रति सोनम वाङ्गचुक चिकित्सालये चिकित्सापरिवेक्षणे अस्ति। यदा तस्य स्वास्थ्यस्य निरन्तरं निरीक्षणं क्रियते तदा तस्य समर्थकाः आन्दोलनं निरन्तरं कर्तुं अडिगाः सन्ति तथा च सर्वकारेण सह औपचारिकवातार्लापस्य आरम्भस्य आग्रहं कुर्वन्ति। इदानीं सवेर्षां दृष्टिः केन्द्रसर्वकारस्य अग्रिमचरणस्य विषये वर्तते-विशेषतः, अन्ना हजारे इत्यस्याः सल्लाहस्य कियत् भारं ददाति तथा च वाङ्गचुकस्य माङ्गल्याः विषये संवादं उद्घाटयितुं उपक्रमं करोति वा इति।

### न्यायिकपदाधिकारिणः विरुद्धं

## अन्वेषणस्य विषयः, अन्वेषणं क्रियमाणाः विशिष्टाः आरोपाः

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

तत्क्षण-प्रभावेण निलम्बनं क्रियते जारीकृते आदेशे उक्तं यत् एषा कार्यवाही अखिलभारतीयसेवा (अनुशासनं अपीलं च) नियमानाम्, १९६९ इत्यस्य नियम ३(१)(क), दिल्ली उच्चन्यायिकसेवा नियम, १९७० इत्यस्य नियम २७ च अन्तर्गतं प्रदत्तानां अधिकारानां प्रयोगेण कृता अस्ति।आदेशानुसारं निलम्बनस्य अवधिपर्यन्तं वीणा रानी इत्यस्याः मुख्यालयः जिला सत्र न्यायाधीश (दक्षिण-पूर्व), साकेत न्यायालय। उच्चन्यायालयेन स्वादेशे अपि स्पष्टीकृतं यत् निलम्बनकालस्य कालखण्डे वीणारानी सक्षमप्राधिकरणस्य पूवार्नुमतिं विना दिल्लीनगरस्य प्रादेशिकसीमायाः बहिः गन्तुं न शक्नोति। अनुशासनात्मकजाँचस्य समये आवश्यकं प्रशासनिकनियन्त्रणं उपलब्धतां च सुनिश्चित्य एषा शर्तः स्थापिता अस्ति।

एषा कार्यवाही मुख्यन्यायाधीशः डी.के. उपाध्याय। परन्तु उच्चन्यायालयेन अद्यापि तानि विशिष्टानि शिकायतां, आरोपाः, घटना वा न प्रकटितानि येन अन्वेषणं प्रेरितम्। न च अनुशासनात्मकप्रक्रियायाः स्वरूपस्य सम्भाव्यआरोपाणां वा विषये किमपि आधिकारिकविवरणं सार्वजनिकं न कृतम्। फलतः न्यायिकपदाधिकारिणः विरुद्धं अन्वेषणस्य विषयः, अन्वेषणं क्रियमाणाः विशिष्टाः आरोपाः च अस्मिन् स्तरे अस्पष्टाः एव सन्ति। विधिविशेषज्ञाः टिप्पणीं कुर्वन्ति यत् न्यायिकपदाधिकारिणः निलम्बनं अपराधनिर्णयस्य बराबरं न भवति। प्रस्ताविता अनुशासनात्मकजागृतिः न्यायपूर्णतया स्वतन्त्रतया च क्रियते इति सुनिश्चित्य उद्देश्यं केवलं प्रशासनिकं उपायम् अस्ति। अन्वेषणस्य समाप्तेः सङ्गृहीतसाक्ष्याणां तथ्यानां च आधारेण अन्तिमनिर्णयः क्रियते। दिल्ली उच्चन्यायालयेन अद्यतनकाले कृतानां प्रशासनिककायार्णां श्रृङ्खला न्यायपालिकायाः अन्तः पारदर्शितायाः उत्तरदायित्वस्य च निवाहार्थं।

## अद्य प्रातः १० वादनस्य समीपे यदा केचन ग्रामिणः मन्दिरं गतवन्तः

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

मन्दिरं समुदायस्य कृते आस्थायाः केन्द्रबिन्दुरूपेण कार्यं करोति स्म निवासिनः दिवसं यावत् आगच्छन्ति स्म, उत्सवेषु आयोजितेषु धार्मिककार्यक्रमेषु परिवाराः एकत्र भागं गृह्णन्ति स्म। तथापि मूर्तिविध्वंसः अभवत्। अद्य प्रातः १० वादनस्य समीपे यदा केचन ग्रामिणः मन्दिरं गतवन्तः तदा तेषां मूर्तिः क्षतिग्रस्तावस्थायां दृश्यते स्म। विध्वंसस्य वार्ता वन्यजलाग्निः इव प्रसृता, ततः शीघ्रं जनसमूहः आक्रोशं प्रकटयन् नारान् च उत्थापितवान्। असामाजिकतत्त्वैः एतत् कार्यं कृतम् इति स्थानीयजनाः आरोपं कृतवन्तः।

## राशिफल

**मेष** : आपको प्रैक्टिकल कामों के लिए लगातार एनर्जी मिलेगी। कन्फ्यूजन दूर करने वाली हल्की बातचीत होगी।

**वृषभ** : अपना दिमाग खुला रखें और हर दिन मिलने वाले हर इंसान से सीखने के लिए तैयार रहें।

**मिथुन** : आप सिचूऐशन को आसान बनाने के लिए अपने शब्दों और आइडिया का इस्तेमाल करेंगे।

**कर्क** : आज जब क्लियर न हो तो मदद मांगें। आपकी बातें आपको दोस्त बनाने में मदद करेंगी।

**सिंह** : एक बार में एक ही काम करने की जरूरत है। पढ़ाई, काम या प्रोजेक्ट में छोटे-छोटे टास्क काम आएंगे।

**कन्या** : आज एक साथ बहुत सारे काम शुरू करने से बचें। एक्टिविटी के बीच आराम करें।

**तुला** : घर और स्कूल में सोच-समझकर लिए गए फैसले लोगों के साथ भरोसा, आराम और लगातार इनाम पाने में मदद करते हैं।

**वृश्चिक** : आज के दिन जिज्ञासा आपका मार्गदर्शन करेगी। आइडिया समझाने के लिए क्लियर शब्दों का इस्तेमाल करें और ध्यान से सुनें।

**धनु** : आज के दिन आपका दयालु स्वभाव आपका दिन खुशनुमा बना देता है। प्लान को फ्लेक्सिबल रखें।

**मकर** : आज का दिन हल्की-फुल्की बातचीत लेकर आएगा। साथ ही मदद के छोटे-छोटे मौकों को स्वीकार करें।

**कुंभ** : आज के दिन छोटे-छोटे डिसीजन आपके रिश्तों और काम को गाइड करेंगे, जिससे लगातार तरक्की होगी।

**मीन** : आज आपका दिमाग तेज है और सीखने के लिए तैयार है। आइडिया शेयर करें। दोस्ताना सवाल पूछें।

## ज्योतिष/वास्तु

# ग्रहों की बदलती चाल बढ़ाएगी मुश्किलें, अगले 10 दिन इन राशि वालों के लिए रहेंगे परेशानियों भरे

ज्योतिषियों के अनुसार, आने वाले 10 दिन कुछ राशि वालों के लिए मुश्किलों भरे हो सकते हैं। काम में देरी, रिश्तों में अनबन व निवेश को लेकर कई तरह की परेशानियां झेल सकते हैं। ज्योतिष गणना के अनुसार, आने वाले 10 दिनों में कई महत्वपूर्ण ग्रहों की चाल में बदलाव देखने को मिलेगा। इस दौरान 24 जुलाई को बुध मार्गी होंगे, जबकि 27 जुलाई से शनि वक्री चाल चलेंगे। वहीं चंद्रमा भी राहु और केतु के प्रभाव में आकर ग्रहण योग का निर्माण करेगा। ग्रहों की यह स्थिति कुछ राशि वालों के जीवन में मानसिक दबाव, कार्यों में देरी और निर्णय लेने में असमंजस जैसी परिस्थितियां पैदा कर सकती है। इस अवधि में विशेष रूप से राहु, केतु, शनि और बुध का प्रभाव जातकों के करियर, कारोबार, आर्थिक मामलों और प्रेम जीवन पर देखने को मिल सकता है। कुछ लोगों को मेहनत के बावजूद अपेक्षित परिणाम मिलने में समय लग सकता है, जबकि कुछ जातकों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी। आइए इन राशियों के नाम जानते हैं।



**कर्क राशि-** कर्क राशि वालों के लिए यह समय थोड़ा उलझनों से भरा रह सकता है। कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियां बढ़ने के कारण मानसिक तनाव महसूस हो सकता है। किसी महत्वपूर्ण काम में बार-बार रुकावट आने से मन परेशान रहेगा। काम का तनाव बढ़ने से व्यवहार में चिड़चिड़ापन महसूस करेंगे। वैवाहिक जीवन में भी छोटी-छोटी बातों को लेकर मतभेद होने की संभावना है। इस दौरान जल्दबाजी में कोई बड़ा निर्णय लेने से बचें।

**कन्या राशि-** कन्या राशि वालों को इस अवधि में सफलता पाने के लिए सामान्य से अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। कार्यक्षेत्र में अपनी क्षमता साबित करने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। कारोबार से जुड़े लोगों को व्यापार विस्तार या नए अवसरों के लिए अधिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कारोबार में किसी भी प्रकार की लापरवाही नुकसान का कारण बन सकती है। वाणी का ध्यान रखें अन्यथा विवाद में पड़ सकते हैं। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें।

**मीन राशि-** मीन राशि वालों के लिए आने वाले 10 दिन नई चुनौतियां लेकर आ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अचानक बदलाव या नई जिम्मेदारियां मिलने की संभावना रहेगी, जिससे शुरूआत में दबाव महसूस हो सकता है। नौकरी को लेकर अधिक प्रयास करने होंगे। खरीदारी करने से अधिक खर्च हो सकता है, जिस कारण बजट बिगड़ सकता है। दोस्तों से अनबन महसूस होगी। करियर को लेकर बार-बार योजनाएं बना सकते हैं।

### रिटायरमेंट की रिपोर्ट्स को किया खारिज, गिल बोले- टीम में ऐसी कोई चर्चा नहीं

# बाहर शोर नहीं होगा तो मजा कैसे आएगा : रोहित

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

मेरा काम बल्ले से प्रदर्शन करना और देश का प्रतिनिधित्व करना है। डेब्यू के बाद से मुझे यही सिखाया गया है और मैं यही करता रहूंगा। जब मैंने डेब्यू किया था, तब से बाहर शोर है और जब तक खेलूंगा, तब तक रहेगा। अगर बाहर शोर नहीं होगा तो मजा कैसे आएगा?

यह बातें टीम इंडिया के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने इउउकळश से बातचीत में कहते हुए अपने रिटायर्डमेंट की खबरों को खारिज कर दिया। रोहित ने कहा- मेरा काम मैदान के अंदर है और दूसरों का काम बाहर। बाहर की बातें मेरे लिए कोई मायने नहीं रखतीं।

रविवार को लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में 138 रन की शानदार पारी खेलने के बाद रोहित ने यह बातचीत की। उन्होंने कहा- मेरा पूरा ध्यान सिर्फ टीम के लिए योगदान देने पर है।

**रिपोर्ट में दावा था- लॉर्ड्स का मैच रोहित का आखिरी मुकाबला होगा-** इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में शुक्रवार को दावा किया गया था कि लॉर्ड्स में खेला गया यह मुकाबला रोहित के वनडे करियर का आखिरी मैच हो सकता है और वह 2027 वनडे वर्ल्ड कप की योजनाओं का हिस्सा नहीं हैं। हालांकि, शनिवार को ही बीसीसआई सचिव देवजीत सैकिया ने ऐसी अटकलों को खारिज कर दिया था।



### टीम में रोहित के संन्यास पर कोई चर्चा नहीं हुई: शुभमन

मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कप्तान शुभमन गिल ने कहा- मुझे लगता है कि यह सब मीडिया में ही चल रहा है। टीम के अंदर इस तरह की कोई बातचीत नहीं हुई है। रोहित भाई ने हमसे संन्यास के बारे में कुछ भी नहीं कहा है।

### भारत के सबसे उम्रदराज वनडे खिलाड़ी बने

रोहित शर्मा भारत के लिए वनडे खेलने वाले सबसे उम्रदराज पुरुष क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में पूर्व कप्तान मोहिंदर अमरनाथ का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया। इससे पहले जून में धर्मशाला में अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में रोहित ने 16, 48 और 79 रन की पारियां खेली थीं।

### विराट के साथ खेला 400वां इंटरनेशनल मुकाबला



- लॉर्ड्स वनडे रोहित शर्मा और विराट कोहली का एक साथ खेला गया 400वां अंतरराष्ट्रीय मैच था। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 86 गेंदों में 113 रन की साझेदारी की। इसमें रोहित ने 48 गेंदों में 71 रन और विराट ने 38 गेंदों में 38 रन बनाए।
- कोहली के साथ बल्लेबाजी पर रोहित ने कहा, हमने अपना पूरा करियर साथ खेला है। उनके साथ क्रीज पर होना हमेशा खास रहता है। हम एक-दूसरे के खेल को अच्छी तरह समझते हैं और बल्लेबाजी के दौरान लगातार बात करते रहते हैं कि मैच को कैसे आगे बढ़ाना है।

## न्यूजीलैंड ने चौथे वनडे में वेस्टइंडीज को 1 विकेट से हराया

ब्रह्मास्त्र ›› ओवल

न्यूजीलैंड ने बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में चौथे वनडे में वेस्टइंडीज को 1 विकेट से हराकर 5 मैचों की सीरीज में 3-1 की बढ़त बना ली है। इसके साथ ही सीरीज भी अपने नाम कर लिया। 189 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कीवी टीम 149/6 पर संकट में थी, लेकिन कप्तान मिचेल सैंटनर की नाबाद 34 रन की पारी ने टीम को जीत दिलाई।

**कैच छूटा, अगले ओवर में मैच खत्म-** जीत के लिए 3 रन चाहिए थे और न्यूजीलैंड के 9 विकेट गिर चुके थे। 44वें ओवर में सैंटनर का आसान कैच अकीन ऑगस्टे और जस्टिन ग्रीव्स की टक्कर के कारण छूट गया। इसके बाद 45वें ओवर की पहली गेंद पर सैंटनर ने चौका लगाकर मैच खत्म कर दिया।

**चापमैन ने पारी संभाली-** 6 रन पर 2 विकेट गिरने के बाद मार्क चापमैन ने 82 गेंदों में 80 रन बनाकर पारी संभाली। उनके आउट होने के बाद गुडाकेश मोती ने लगातार विकेट लेकर कीवी टीम को बैकफुट पर धकेल दिया। मोती ने 5 विकेट लिए, लेकिन सैंटनर आखिर तक टिके रहे और 11वें नंबर के जेडन लेनोक्स के साथ जीत दिला दी।

# शतरंज खिलाड़ी जुडित पोलगर बन सकती हैं हंगरी की राष्ट्रपति

### आनंद-कार्लसन को हराया, 26 साल नंबर-1 रहीं



ब्रह्मास्त्र ›› बर्मिंघम

पूर्व शतरंज स्टार जुडित पोलगर हंगरी की राष्ट्रपति बन सकती हैं। उन्हें हंगरी के प्रधानमंत्री पीटर मग्यार ने राष्ट्रपति पद के लिए इन्विटेशन भेजा है। पीएम पीटर ने फेसबुक पोस्ट पर लिखा की वह राष्ट्रपति पद जुडित को सौंपने का प्रस्ताव देंगे।

49 साल की जुडित दुनिया की सर्वश्रेष्ठ महिला चेस प्लेयर्स में शामिल रहीं। उन्होंने सिर्फ 15 साल 4 महीने की उम्र में ग्रैंडमास्टर बनकर यंगेस्ट प्लेयर का रिकॉर्ड बनाया था। इस साल उनकी जिंदगी पर बनी डॉक्यूमेंट्री द क्वीन ऑफ चेस भी रिलीज हुई।

**महिला वर्ग की बजाय ओपन टूर्नामेंट्स खेले-** जुडित सिर्फ 6 साल की उम्र से ही चेस टूनार्मेंट्स खेलने लगी थीं। वे करियर में महिला वर्ग खेलने की जगह ओपन टूर्नामेंट्स खेलीं। उन्होंने पुरुष खिलाड़ियों से भी मैच खेले। 2005 में वह विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान तक पहुंचीं, जो किसी महिला खिलाड़ी की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। वे इकलौती शतरंज महिला खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 2700+ येलो रेटिंग का आंकड़ा पार किया।

**बॉबी फिशर का रिकॉर्ड तोड़ा, 11 वर्ल्ड चैंपियंस को हराया-** पोलगर ने 15 साल 4 महीने की उम्र में ग्रैंडमास्टर बनकर बॉबी फिशर का सबसे कम उम्र में ग्रैंडमास्टर बनने का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। उन्होंने गैरी कास्पारोव, विश्वनाथन आनंद, अनातोली कार्पोव, बोरिस स्पास्की और मैग्नस कार्लसन सहित 11 विश्व चैंपियनों को क्लासिकल या रैपिड मुकाबलों में हराया।

## खबर एक नजर...

### 5 बेटियों के पिता ने जहर खाकर किया सुसाइड

**उज्जैन।** नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम केसूनी में रहने वाला अजय पिता बाबूलाल उचैनिया पांच बेटियों का पिता था और मजदूरी करता था। 16 जुलाई को जहरीला पदार्थ खाकर घर लौटा और मां सीताबाई से कहा कि उसने जहर खा लिया है। मां ने पहले उसकी बात पर ध्यान नहीं दिया। कुछ देर बाद अजय उल्टियां करने लगा उसकी हालत बिगड़ती देख मां और पत्नी उपचार के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे। निजी अस्पताल में डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर आईसीयू में भर्ती किया। 3 दिनों तक चले उपचार के बाद रविवार-सोमवार रात अजय की मौत हो गई। माधवनगर थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया और पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि अजय की एक बेटी 8 माह की है। पांच बेटियां होने और मजदूरी के चलते आर्थिक रूप से परेशान रहने लगा था। माधवनगर थाना पुलिस के अनुसार मामला नरवर थाना क्षेत्र का होने पर मर्ग डायरी जांच के लिये भेजी जायेगी। जहरखुरानी के एक मामले में नीलगंगा थाना पुलिस ने बड़ौद के रहने वाले अर्जुन पिता सुरेशसिंह आंजना 32 साल का निजी अस्पताल में हुई मौत के बाद पोस्टमार्टम कराया। अर्जुन का परिवार कुछ स्पष्ट नहीं कर पाया कि उसने ऐसा कदम क्यों उठाया।

### पुलिस लाइन में चक्कर खाकर गिरे मजदूर की मौत

**उज्जैन।** पन्ना के बिलाहखुर्द का रहने वाला अर्जुन उर्फ अमित पिता हप्पू उर्फ संतराम 25 साल मजदूरी के लिये कुछ दिनों पहले उज्जैन आया था। पुलिस लाइन के पास बनी रही बिल्डिंग में मजदूरी का काम कर रहा था। सोमवार सुबह अचानक चक्कर आने पर गिरा और बेसुध हो गया, उसे चरक अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। माधवनगर थाना प्रधान आरक्षक सियाराम भदौरिया ने बताया कि सूचना मिलने पर पोस्टमार्टम कराया गया है। आशंका है कि युवक को हार्ट अटैक हुआ है। जिसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगा। अर्जुन के साथ मजदूरी के लिये परिवार के सदस्य भी आये थे। उन्होने बताया कि 3 माह पहले शादी हुई थी। परिवार शव अंतिम संस्कार के लिये पन्ना ले गया है।

### पुराने विवाद में ईदगाह के पास युवक पर चाकू से हमला

**उज्जैन।** जानसापुरा में रहने वाला अयान पिता इकबाल रविवार रात गांधीनगर में रहने वाली अपनी मुमानी के यहां खाना खाने आया था। देर रात दोस्त अनस के साथ जानसापुरा लौट रहा था, उसी दौरान ईदगाह के पास सोलह सागर के सामने उसे साहिल, अमन और फरदीन निवासी आगरनाका ने रोक लिया। अयान का तीनों से पुराना विवाद था। जिसको लेकर तीनों ने गाली-गलौच करते हुये चाकू से हमला कर दिया। कमर, पसली और दोनों हाथ में चाकू लगने पर अयान लहूलुहान हो गया, तीनों जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। घायल को उसका दोस्त अस्पताल लेकर पहुंचा। चिमनगंज थाना पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर चाकू मारने वालों की तलाश शुरू की है।

### कार-बाइक दुर्घटना में घायल वृद्धा की थमी सांस

**उज्जैन।** नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम केसूनी में रहने वाली कृष्णाबाई पति रमेशचंद्र गेहलोत 58 साल रविवार को जमालपुरा जाने के लिये बहन के पुत्र की बाइक पर सवार हुई थी। दोनों ग्राम चंदेसरी और तपोभूमि बायपास मार्ग पर पहुंचे थे उसी दौरान पीछे से आई कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में कृष्णाबाई गंभीर घायल हो गई थी। बहन के पुत्र संजय को मामूली चोंट आई थी। कृष्णाबाई को उपचार के लिये निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां रात में कृष्णाबाई की मौत हो गई। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने मामला जांच में लिया है। दुर्घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से टक्कर मारकर भागे कार चालक की तलाश जारी है।

### शराबी पति ने तोड़ी पत्नी के हाथ की उंगलियां

**उज्जैन।** संजयनगर में रहने वाली ललिता पति दिलीप धानक 35 साल को उसकी पुत्री सोमवार शाम चरक अस्पताल लेकर पहुंची। ललिता के हाथ की उंगलियां टूटी होने पर डॉक्टरों ने उपचार किया। ड्युटी कम्पाउंडर ने बताया कि उपचार के दौरान ललिता ने बताया कि पति शराब पीने का आदी है। नशे में विवाद कर उसने मारपीट की है। कम्पाउंडर द्वारा पति द्वारा पत्नी से की गई मारपीट की सूचना नीलगंगा थाना पुलिस को दी।

### फ्रीगंज में अत्तार की दुकान में लगी आग

**उज्जैन।** फ्रीगंज क्षेत्र में सोमवार रात अत्तार की दुकान में आग लग गई। धुआं देख अफरा-तफरी मची, लेकिन कुछ देर में आग पर काबू पा लिया गया। आगजनी में जनहानि नहीं हुई है, लेकिन दुकान में रखा सामान पूरी तरह से जल गया। माधवनगर थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि रात 10.30 से 11 बजे के लगभग फ्रीगंज क्षेत्र में अत्तार की दुकान में आग लगने की खबर मिलते ही पुलिस पहुंच गई थी। दुकान से धुआं उठता देख कुछ लोगों ने फायर बिग्रेड को सूचना पहुंचा दी थी। 2 से 3 दमकले मौके पर पहुंची और कुछ देर में आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने से आसपास दुकानदारों में हडकंप मच गया था आग दुकान से बाहर निकली उससे पहले काबू कर ली गई। शार्ट सर्किट की वजह से घटना होना सामने आ रही है। आगजनी में कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन दुकान में रखा ड्रायफूट, जड़ी-बूटियां, किराना संबंधित सामान पूरी तरह से जल चुका था, जिसके चलते आर्थिक नुकसान हुआ है। मामले में दुकान संचालक द्वारा शिकायत दर्ज कराने पर मामले की जांच शुरू की जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 599-3 | 579-1 |
| मेन बाजार | 888-4 | 390-2 |
| मिलन डे | 150-6 | 220-4 |
| मिलन नाइट | 470-1 | 239-4 |

6 7 8

सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर को 4 दिन की दोस्ती पड़ी भारी

# युवक का किया अपहरण, 50 लाख की मांगी फिरौती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर चार दिन की दोस्ती युवक को उस वक्त भारी पड़ गई, जब युवती उससे मिलने पहुंची और उसके गिरोह में शामिल साथियों ने युवक का अपहरण कर लिया। उसका अश्लील वीडियो बनाया और परिवार से 50 लाख की फिरौती मांगी। 26 लाख में सौदा तय किया गया। 10 लाख रुपए लिये गये। सोमवार को मामला पुलिस के पास पहुंचा तो पड़ताल शुरू की गई। संभावना है कि सभी जल्द पुलिस की हिरासत में होगें।

नरवर में रहने वाले हैदर पिता कलाम पटेल की कुछ दिन पहले सिहोर की रहने वाली युवती से इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई। युवती ने काम की जरूरत होने की बात कहीं। 18 जुलाई की देर शाम युवती उज्जैन पहुंची। हैदर कार से उसे रेलवे स्टेशन लेने गया।

## अश्लील वीडियो बनाकर 10 लाख वसूले, आंखों पर पट्टी बांधकर रखा




जहां से हैदर उसे इंदौररोड स्थित परिचित की होटल लेकर आया। जहां काम की बात कराई गई। होटल से दोनों कार से निकले, उसी दौरान तपोभूमि के समीप 2 कारों में सवार होकर 5 से 6 व्यक्ति पहुंचे और हैदर की कार को रोक लिया। उन्होने हिन्दू युवती के साथ होने पर मारपीट की और हैदर की आंख पर पट्टी बांधकर अज्ञात स्थान पर ले गये। जहां उसका अश्लील वीडियो बनाया गया और 50 लाख की फिरौती मांगी गई। नहीं देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई। हैदर के परिवार ने 50 लाख देने में असमर्थता जताई तो 26 लाख में सौदा तय किया गया। परिवार ने 10 लाख की राशि अपहरणकताओं तक पहुंचाई। आंखों पर पट्टी बांधकर एक दिन तक अज्ञात स्थान पर बंधक बनाकर रखने के बाद के बाद 19 जुलाई को हैदर का इंदौर रोड पर छोड़ दिया। 16 लाख की वसूली के लिये उसकी कार, चैन और घड़ी रख ली। सोमवार को हैदर ने अपने साथ हुई घटना की शिकायत नानाखेड़ा थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस ने अपहरण, ब्लैकमेलिंग, अवैध वसूली सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर पड़ताल शुरू की है।

### गिरोह की तलाश में सीसीटीवी कैमरों की मदद

मामले में नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि शिकायत दर्ज कर अपहरण-ब्लैकमेलिंग में शामिल गिरोह की तलाश में सीसीटीवी कैमरों की मदद ली जा रही है। तकनीकी साक्ष्यों से पता लगाने की कोशिश जारी है। सिहोर की रहने वाली युवती का नाम अंजली ठाकुर सामने आया है। उसे 10 लाख ठगने वाले गिरोह का साथी माना जा रहा है। गिरोह में शामिल एक युवक का नाम लोकेश शर्मा सामने आया है। पुलिस की टीम अलग-अलग स्थानों पर रवाना की गई है। संभावना है कि मामले का जल्द खुलासा किया जायेगा।

### हिरासत में आने पर खुल सकते है राज

माना जा रहा है कि सोशल मीडिया की आड़ में हैदर के साथ हुई घटना को गिरोह ने एक संगठित गिरोह ने अंजाम दिया है। आशंका यह भी जताई जा रही है कि इनके हिरासत में आने पर इनकी ठगी का शिकार कई और लोग सामने आ सकते है। यह भी माना जा रहा है कि अलग-अलग शहरों में जाकर इस तरह की घटना को अंजाम देते हैं।

चोरों ने सूने मकान में दिया ढाई लाख से अधिक की चोरी को अंजाम

# मेनगेट का उखाड़ा नकुचा, कमरे में लगा ताला तोड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रायवेट कंपनी में मैकेनिक का काम करने वाला ससुराल गया था, रात में चोरों ने उसके मकान के मेनगेट का नकुचा उखाड़ा और अंदर कमरे में लगा ताला तोड़कर लाखों के आभूषण चोरी कर लिये। मैकेनिक को चोरी का पता लगा तो वह लौटकर आया। पुलिस ने मामला दर्ज कर पड़ताल शुरू की है।

कानीपुरा मार्ग पर कृष्णा विहार कालोनी में ईश्वरलाल पिता मोहनलाल का मकान बना हुआ है। शनिवार को वह पत्नी बच्चों के साथ अपने मकान का ताला लगाकर ससुराल चिंतामण नगर चला गया था। पूरा परिवार बगलामुखी मंदिर दर्शन के लिये जाना वाले था। रात में ससुराल में रूके ईश्वर को सुबह खबर मिली कि उसके मकान का ताला टूटा हुआ है। घर आने पर मेनगेट का नकुचा उखड़ा मिला, अंदर कमरे का ताला टूटा हुआ था, पूरे घर का सामान-बिखरा पड़ा था और अलमारियां खुली थी। सोने-चांदी के आभूषणों के साथ 54 हजार रुपए नगद गायब थे। मामले की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी गई। पुलिस कृष्णा विहार कालोनी पहुंची



तो पता चला कि ईश्वर प्रायवेट कंपनी में एटीएम मशीन मैकेनिक है। जांच के फिगंर प्रिंट टीम को बुलाया गया, पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की तलाश की, लेकिन कॉलोनी में कैमरे लगे होना सामने नहीं आये। एसआई लिबिन खेस ने बताया कि ईश्वर की शिकायत पर मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। ईश्वर का कहना था कि चोर करीब ढाई लाख का सामान चुराकर ले गये है। आशंका जताई गई है कि बदमाशों की संख्या 2 से अधिक रही होगी।

### वारदातों का नहीं मिल पा रहा सुराग

शहर में घरों से लेकर दुकानों में चोरी की वारदात होना सामने आ रही है। लेकिन वारदात करने वालों का सुराग नहीं मिल पा रहा है। कुछ दिन पहले फ्रीगंज क्षेत्र में 2 मोबाइल दुकानों से करोड़ों के मोबाइल चोरी कर लिये गये। चार बदमाशों के फुटेज सामने आये, जो कार से फरार हुये थे। इससे पहले दशहरा मैदान में महेश्वरी मार्केटिंग से लाखों की सिगरेट चोरी का मामला सामने आया। बदमाश कार से आये थे, कार चोरी की सामने आई, बदमाश गिरफ्त में नहीं आ सके। नानाखेड़ा, नीलगंगा थाना क्षेत्र में भी कुछ माह पहले घरों में चोरी की बड़ी वारदात हो चुकी है, जिसका सुराग भी अब तक नहीं मिल पाया है।

## जुआरियों के ठिकानों पर दबिश, 7 हिरासत में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जंगल और ईट भट्टे के पीछे जुआरियों के ठिकानों का पता लगते ही पुलिस ने दबिश मारी। 7 को हिरासत में लिया गया और ताश-पत्ती के साथ नगद राशि जप्त की गई।

महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि रात में मेला ग्राउंड ईंट भट्टे के पीछे और स्नेह श्री गार्डन के सामने जंगल में जुआरियों द्वारा अपना ठिकाना बनाने की खबर मिलते ही 2 टीम दबिश के लिये भेजी गई। ईंट भट्टे के पीछे से इमरान पिता इब्राहिम शाह, मोहम्मद इशाक पिता मोहम्मद शाह निवासी केसरपुरा महिदपुर और सलीम पिता बशीर शाह पांच बंगला महिदपुर को हिरासत में लिया गया। वहीं जंगल में दबिश देकर साबिर पिता शेर खां, सलीम पिता बशीर खां, रफीक पिता नासिर खां निवासी दिलदारपुरा महिदपुर और मोहम्मद सलीम पिता उस्मान गनी चर्च गली महिदपुर को पकड़ा गया। उनके पास से 52 पत्तों की 2 गड्डी के साथ 3420 रुपए नगद जप्त किये गये। सभी के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 13 में प्रकरण दर्ज किया गया। जांच में पता चला कि कुछ दिनों से जुआरियों ने दोनों स्थानों को अपना ठिकाना बना रखा था।

## कार में सवार युवक के पास मिली एमडी ड्रग्स

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि कानीपुरा मार्ग पर चैकिंग के दौरान पंजाब पासिंग कार को रोका गया था। उसमें अयाज पिता एजाज अंसारी 24 साल निवासी विराटनगर सवार होना सामने आया। उससे कार संबंधित दस्तावेज मांगे गये। दस्तावेज मौके पर उपलब्ध नहीं मिले, अयाज पुलिस के सवालों का गुमा-फिराकर जवाब दे रहा था। जिसके चलते उसकी तलाशी ली गई। उसकी जेब से प्लास्टिक की थैली मिली, जिसमें मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स रखी होना पाई गई। थाने लाने पर ड्रग्स 61 ग्राम होने पर एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। सोमवार को कोर्ट में पेश कर 2 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है।

# लिंक पर क्लिक करते ही खाते से निकले 46 हजार

### नॉमिनी के नाम भी हुई 99 हजार की धोखाधड़ी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ऑनलाइन फ्रॉड में शामिल बदमाशों द्वारा अपनी करतूतों को लगातार अंजाम दिया जा रहा है। एक युवक के साथ लिंक पर क्लिक करते ही खाते से 46 हजार रुपए निकलने का मामला सामने आया। दूसरे के साथ नॉमिनी रिनूव्य करने के नाम पर 99 हजार की धोखाधड़ी हो गई।

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि सांदीपनी नगर ढांचा भवन में रहने वाला विरेन्द्र पिता भगवानसिंह ठाकुर सांची पाइंट संचालित करता है। उसके मोबाईल पर एक लिंक आई थी, जिसे विरेन्द्र ने क्लिक किया तो उसका मोबाइल हैक हो गया। मोबाइल चालू नहीं होने पर मोबाइल रिपेरिंग कराने पहुंचा। मोबाइल ठीक होने के बाद पता चला कि उसके खाते से 46 हजार का अनाधिकृत ट्रांजेक्शन हुआ। विरेन्द्र की शिकायत पर मामले में अज्ञात के खिलाफ ऑनलाइन फ्रॉड करने के मामला दर्ज किया गया है। दूसरा मामला माधवनगर थाना क्षेत्र के छपणक मार्ग फ्रीगंज में रहने वाले राजेन्द्र कुमार पिता विनोद कुमार दुबे 60 साल के साथ हुआ। 1 जुलाई को उनके मोबाइल पर कॉल आया और बताया कि आपकी बहन के आकाउंट का नोमिनेशन खतम हो गया है, जिसे पुनः रिनूव्य करना है। विनोद कुमार ने मोबाइल पर ही जानकारी दी। उसके बाद उनके साथ 99 हजार 500 रुपए का फ्रॉड कर लिया गया। उन्होने अपने साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत साइबर हेल्पलाइन नम्बर पर दर्ज कराई। जहां से मामला माधवनगर थाना पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

**जागरूकता के बाद भी दे रहे जानकारी-** पुलिस द्वारा लगातार साइबर फ्रॉड को लेकर अभियान चलाया जा रहा है और लोगों को जागरूक कर बताया जा रहा है कि अंजान लिंक पर क्लिक ना करे। किसी को अपनी जानकारी मोबाइल पर शेयर ना करें। बावजूद लोगों द्वारा मोबाइल पर आने वाले कॉल और लिंक पर रिसिव किया जा रहा है। जिसका फायदा ऑनलाइन फ्रॉड करने वाले बदमाश उठा रहे हैं।

महाकालेश्वर की सवारी में सांस्कृतिकता एवं सामाजिकता की झलक

# प्रथम सवारी में वैदिक उद्बोधन रहेगा श्रद्धालुओं का आकर्षण

### मंदसौर पशुपतिनाथ में पर्व पर नहीं रहेगा गर्भगृह प्रवेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भगवान श्री महाकालेश्वर की श्रावण-भादौ मास में 3 अगस्त से निकलने वाली सवारियों को लेकर मंदिर प्रबंध समिति ने थीम निर्धारित कर दी है। इस वर्ष निकलने वाली 5 सामान्य एवं एक अंतिम राजसी कुल 6 सवारी में से प्रत्येक में अलग सांस्कृतिक एवं सामाजिक झलक श्रद्धालुओं को देखने को मिलेगी। इधर मंदसौर में भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर प्रबंध समिति की बैठक में तय किया गया है कि पर्व के दौरान मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश नहीं रहेगा। भगवान की शयन आरती श्री महाकाल की तर्ज पर दीपक की ज्योति से करने का निर्णय लिया गया।

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा श्रावण-भादौ मास 2026 में भगवान श्री महाकालेश्वर की नगर भ्रमण सवारियों को अधिक भव्य, आकर्षक एवं जन-जागरूकता से जोड़ने के उद्देश्य से प्रत्येक सवारी के लिए अलग-अलग थीम निर्धारित की गई है। इन थीमों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संदेश दिए जाएंगे।

मंदिर प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक के अनुसार प्रत्येक सवारी के सुव्यवस्थित संचालन के लिए प्रभारी एवं सहायक अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। साथ ही मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाले जनजातीय नृत्य दल सभी सवारियों में अपनी मनोहारी प्रस्तुतियां देंगे।

03 अगस्त की प्रथम सवारी को वैदिक उद्बोधन थीम दिया गया है। 10 अगस्त द्वितीय सवारी को विभिन्न लोक नृत्य थीम रहेगा। 17 अगस्त की तृतीय सवारी में पुलिस, आर्मी, होमगार्ड, विद्यालयीन एवं निजी बैंड की प्रस्तुति रहेगी। 24 अगस्त की चतुर्थ सवारी पर्यावरण संरक्षण के थीम पर रहेगी। 31 अगस्त पंचम सवारी में 84 महादेव की झांकी रहेगी। 07 सितम्बर राजसी सवारी सिंहस्थ महापर्व-2028 की झांकी तथा ड्रोन के माध्यम से पुष्प वर्षा की रहेगी।सवारियों में जनजातीय नृत्य दलों की प्रस्तुतियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी, जबकि अंतिम राजसी सवारी में ड्रोन से होने वाली पुष्प वर्षा सवारी की भव्यता को बढ़ाएगी।

### श्री महाकाल की तर्ज पर होगी श्री पशुपतिनाथ की आरती

श्री पशुपतिनाथ मंदिर प्रबंध समिति की बैठक में तय किया गया है कि मंदिर दर्शन व्यवस्था के अंतर्गत मंदिर का समय प्रातः 5:00 से रात्रि 11:00 तक पूर्व अनुसार निर्धारित रहेगा। भगवान की शयन आरती महाकाल की तर्ज पर दीपक की ज्योति से करने के संबंध में भी चर्चा एवं निर्णय लिया गया। इस वर्ष भी सोमवार, रविवार, हरियाली अमावस्या, नाग पंचमी तथा अन्य विशेष त?यौहारों पर सुरक्षा की दृष्टि से गर्भ गृह में प्रवेश नहीं दिया जा सकेगा दर्शनार्थ बाहर से दर्शन लाभ ले सकेंगे। बैठक कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में हुई। बैठक में श्रावण माह 2026 के अंतर्गत होने वाले विभिन्न आयोजनों एवं व्यवस्थाओं के बारे में निर्णय लिए गए। बैठक में बताया गया कि मनोकामना अभिषेक श्रावण मास में प्रातः 8:30 बजे से 10:30 बजे तक संस्कृत पाठशाला के वेदपाठी ब्राह्मणों तथा आचार्य श्री विष्णु प्रसाद जी ज्ञानी द्वारा कराया जाएगा। ब्राह्मणों द्वारा किए जाने वाले जजमानी अभिषेक पूजा हवन आदि मंदिर व्यवस्था के दृष्टिगत हाल नंबर दो में किए जाएंगे पुजारी जी ड्यूटी टाइम में मंदिर गर्भ गृह में यात्री दर्शनर्थियों की फूल माला भगवान को अर्पण करेंगे। मंदिर परिसर में स्थित यात्री विश्रामगृह में निशुल्क व्यवस्था एवं श्री पशुपतिनाथ अतिथि गृह में सशुल्क व्यवस्था रहेगी। श्रावण माह में मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था एवं पार्किंग व्यवस्था के लिए भी निर्णय लिया गया। बैठक में बताया गया कि घाट पर स्नान व्यवस्था पेयजल सफाई एवं मंदिर पहुंच मार्ग चंद्रपुरा खिलचिपुरा, पुरानी पुलिया, नवीन पुलिया, महू नीमच रोड पर स्थित गेट तथा चौराहे की एवं मंदिर सिह द्वार चौराहे की स्ट्रीट लाइट की दुरुस्ती तथा आकर्षक विद्युत साज सज?जा करवाई जाएगी साथ ही घाट की सफाई आदि व्यवस्थाओं के लिए भी कार्य किया जाएगा श्रावण माह में यात्रियों के स्वास्थ्य हेतु डॉक्टर, कंपाउंडर ,आवश्यक औषधियां तथा प्राथमिक उपचार के लिए व्यवस्था रहेगी इस दौरान निरंतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है बैठक में भगवान श्री पशुपतिनाथ जी की राजसी एवं पालकी यात्रा निकालने के संबंध में भी चर्चा एवं निर्णय लिए गए । बैठक में श्री पशुपतिनाथ मंदिर परिसर तथा अतिथि गृह चंद्रपुरा की छत पर सौर ऊर्जा पैनल लगाने के संबंध में भी निर्णय लिया गया। बैठक के बाद कलेक्टर ने पशुपतिनाथ केफि टेरिया रोड तथा रेस्ट हाउस का भी निरीक्षण किया । बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमा देवी बंशीलाल गुर्जर, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंत शर्मा, अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, एएसपी टीएस बघेल, प्रबंधक राहुल रुनवाल तथा समिति सदस्य गण उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों का जागरूकता रैली में नशामुक्त समाज का संदेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान में सोमवार सुबह जन-जागरूकता रैली निकाली गई। 12 सौ विद्यार्थियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया। रैली में जनप्रतिनिधि और पुलिस अधिकारी शामिल रहे।

पुलिस मुख्यालय के निर्देशन पर नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार सुबह 6.30 बजे पुलिस कंट्रोल रूम से जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य युवाओं और विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उन्हें नशामुक्त, स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए



प्रेरित कर समाज में नशे के विरुद्ध सकारात्मक जनचेतना का वातावरण निर्मित करना था। पुलिस कंट्रोलरूम परिसर से शुरू हुई रैली में शहर के कई विद्यालयों के आये 1200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान पुलिस विभाग, नगर निगम, शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी शामिल हुये। छात्र-छात्राओं के हाथों में जागरूकता से जुडी तख्तियां, बैनर, संदेश-पटिकाएं थी। अभियान में नगर निगम सभापति कलावती यादव, महापौर मुकेश टटवाल, विधायक अनिल कालूहेड़ा, भाजपा नगराध्यक्ष संजय अग्रवाल भी पहुंचे। रैली शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई पुलिस कंट्रोलरूम पर समाप्त हुई। इस दौरान नशामुक्त समाज के निर्माण के लिये सामूहिक शपथ दिलाई गई। सभी प्रतिभागियों ने स्वयं नशे से दूर रहने, अपने परिवार एवं समाज को नशामुक्त बनाने, युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा मादक पदार्थों के विरुद्ध जनजागरूकता का संकल्प लिया।

**रैली में शहर के कई विद्यालयों के आये 1200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com